RNI : CTHIN/25/A1911

हिन्दी दैनिक

# लोकतंत्र प्रहरी

• वर्ष-01 • अंक- 76 • भिलाई, सोमवार 22 सितम्बर 2025 • हिन्दी दैनिक • पृष्ठ संख्या-8 • मूल्य - 2 रुपया • संपादक- संजय तिवारी, मो. 9200000214

## संक्षिप्त समाचार

### चुनाव आयोग का बड़ा ऐक्शन, 808 गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों का रजिस्ट्रेशन खत्म

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गैर-मान्यता प्राप्त पंजीकृत राजनीतिक दलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 474 दलों का पंजीकरण रद्द कर दिया है। इससे पहले अगस्त में भी आयोग ने 334 दलों का रजिस्ट्रेशन समाप्त किया था। इस तरह, केवल दो महीनों के भीतर कुल 808 राजनीतिक दलों का पंजीकरण खत्म किया जा चुका है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के अनुसार, किसी भी पंजीकृत राजनीतिक दल को चुनावी प्रक्रिया में भाग लेना अनिवार्य है। यदि कोई दल लगातार 6 साल तक चुनावों से दूर रहता है, तो उसका पंजीकरण रद्द कर दिया जाता है। चुनाव आयोग ने इन्हीं नियमों के तहत यह कार्रवाई की है। गौरतलब है कि पंजीकृत राजनीतिक दलों को टैक्स छूट समेत कई तरह की रियायतें मिलती हैं। कई दल बीते 6 वर्षों से चुनाव नहीं लड़ रहे थे, लेकिन फिर भी इन रियायतों का लाभ उठा रहे थे। ऐसे दलों पर अब आयोग ने शिकंजा कस दिया है। चुनाव आयोग ने 2019 के बाद से ही ऐसे निष्क्रिय दलों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया था।

### धर्मस्थल का 'नरकंकाल' रहस्य गहराया, 2 और खोपड़ियां मिलने से सनसनी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बहुचर्चित धर्मस्थल सामूहिक दफन मामले में रहस्य और भी गहरा गया है। मामले की जांच कर रही विशेष जांच दल तलाशी अभियान के दौरान दो और मानव खोपड़ियां मिली हैं। इसके साथ ही पिछले दो दिनों में बरामद खोपड़ियों की कुल संख्या सात हो गई है, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। शुरुआती जांच में अधिकारियों ने इन मौतों के आत्महत्या से जुड़े होने की आशंका जताई है, जो मामले के शुरुआती दावों से बिल्कुल अलग है। एसआईटी सूत्रों के अनुसार, पुलिस, वन विभाग और एंटी-नक्सल फोर्स की संयुक्त टीम ने दक्षिण कन्नड़ जिले के बंगलगुड्डा रिजर्व फॉरेस्ट के घने जंगली इलाके में करीब 12 एकड़ में यह तलाशी अभियान चलाया। बुधवार को पांच खोपड़ियां बरामद हुई थीं, जबकि गुरुवार को दो और मिलीं। अधिकारियों ने बताया कि ये खोपड़ियां मध्यम आयु वर्ग के पुरुषों की प्रतीत होती हैं और अवशेष लगभग एक साल पुराने हो सकते हैं।

### हरियाणा में अब तक 18 करोड़ पौधे लगाए, चिकित्सकों को किया गया सम्मानित

**चंडीगढ़।** पर्यावरण संरक्षण के प्रति हरियाणा की गंभीरता और संकल्प का उदाहरण देते हुए प्रदेश में अब तक लगभग 18 करोड़ पौधे लगाए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने सेवा पखवाड़े के अवसर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों को सम्मानित किया। सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस पर शुरू हुए सेवा पखवाड़े के दौरान पूरे प्रदेश में रक्तदान के प्रति उत्साह देखने को मिल रहा है। लोग बढ़-चढ़कर रक्तदान और अंगदान में भाग ले रहे हैं।

---

पीएम मोदी कल से लागू हो रहे सुधारों पर बोले

# हम नागरिक देवो भव: के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहे हैं-पीएम

नई दिल्ली/ एजेंसी



राष्ट्र के नाम संबोधन में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज जाने-अनजाने में हमारी रोजमर्रा की जिंदगी में बहुत सी विदेशी चीजें जुड़ गई हैं। हमारी जेब में कंघी देशी है कि विदेशी है, हमें पता ही नहीं। अब हमें इससे मुक्ति पानी होगी। हमें वो चीजें खरीदनी होंगी जो भारत में बनी हो, जिसमें हमारे देश के बेटे-बेटियों का पसीना हो, हमें देश के घरों को स्वदेशी का प्रतीक बनाना है। गर्व से कहो कि मैं स्वदेशी खरीदता हूं, मैं स्वदेशी सामान की बिक्री भी करता हूं। ये हर भारतीय का मिजाज बनना चाहिए। जब ये होगा तो भारत तेजी से विकसित होगा। मेरा आज सभी राज्य सरकारों से भी आग्रह है कि आत्मनिर्भर भारत के इस अभियान के साथ, स्वदेशी के इस अभियान के साथ अपने राज्यों में उत्पादन को गति दें। पूरी ऊर्जा और उत्साह से। निवेश के लिए माहौल बनाएं, जब केंद्र और राज्य मिलकर आगे बढ़ेंगे तो विकसित भारत का सपना पूरा होगा। इसी के साथ मैं इस बचत उत्सव की अनेक शुभकामनाएं देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि अब हमें आत्मनिर्भरता के मंत्र के साथ आगे बढ़ना होगा। जो देश के लोगों की जरूरत है, जो हम देश में बना सकते हैं, वो हमे देश में ही बनाना चाहिए। जीएसटी की दरें कम होने से नियम और प्रक्रियाएं और आसान बनने से हमारे एमएसएमई, हमारे लघु, कुटीर उद्योगों को बहुत फायदा होगा। उनकी बिक्री बढ़ेगी और टैक्स भी कम देना पड़ेगा। यानी उनको भी डबल फायदा होगा। इसलिए आज मेरी एमएसएमई से, चाहे लघु हों या सूक्ष्म या कुटीर, आप सबसे बहुत अपेक्षाएं हैं। आपको भी पता है कि जब भारत समृद्धि के शिखर पर था, तब अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार हमारे लघु-कुटीर उद्योग थे। भारत की मैन्युफैक्चरिंग और क्वालिटी बेहतर होती थी। हमें उस गौरव को वापस पाना है। जो हमारे उद्योग बनाएं वो दुनिया में उत्तम से उत्तम हों। जो हम बनाएं वो दुनिया में बेस्ट के पैरामीटर को पार करने वाला हो। हमारे उत्पाद दुनिया में भारत का गौरव बढ़ाएं। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि दुकानदार भाई-बहन जीएसटी सुधार को लेकर उत्साह में है। वे इसके फायदों को ग्राहकों को पहुंचाने में जुटे हैं। हम नागरिक देवो भव: के मंत्र के साथ आगे बढ़ रहे हैं। अगर हम इनकम टैक्स में छूट और जीएसटी में छूट को जोड़ दें तो एक साल में जो निर्णय हुए हैं, उससे देश के लोगों को 2.5 लाख करोड़ से ज्यादा की बचत होगी। इसलिए यह बचत उत्सव बन रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 11 साल में देश में 25 करोड़ लोगों ने गरीबी को हराया है। गरीबी को परास्त किया है और गरीबी से बाहर निकलकर एक बहुत बड़ा समूह नियो मिडिल क्लास के तौर पर बड़ी भूमिका अदा कर रहा है। इस क्लास की अपनी महत्वाकांक्षाएं और सपने हैं। इस साल सरकार ने 12 लाख तक की इनकम को टैक्स मुक्त कर उपहार दिया और जब 12 लाख तक वेतन पर टैक्स शून्य हो जाए तो मध्यमवर्ग को तो काफी सुविधा हो जाती है। अब गरीब की बारी है. नियो मिडिल क्लास की बारी है। अब इन्हें डबल बोनांजा मिल रहा है। जीएसटी कम होने से देश के नागरिकों के लिए अपने सपने पूरे करना और आसान होगा। घर बनाना, स्कूटर-कार खरीदना हो, इन सब पर अब कम खर्च करना होगा। अब आपका घूमना भी सस्ता होगा, क्योंकि होटल के कमरों पर भी जीएसटी कम कर दिया गया है।

### आज नवरात्र के पहले दिन से होगी शुरुआत-पीएम मोदी

प्रधानमंत्री ने कहा कि नवरात्रि के पहले दिन 22 सितंबर की सुबह से नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी सुधार लागू हो जाएंगे। इसके साथ ही देश में जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत होगी। उन्होंने कहा कि गरीब, मध्यमवर्ग, किसान, महिलाएं, दुकानदार और उद्यमी सभी को इस सुधार का लाभ मिलेगा और त्योहारों का मौसम खुशियों से भरा होगा। पीएम मोदी ने कहा कि नेक्स्ट जेन जीएसटी सुधार देश की ग्रोथ स्टोरी को नई दिशा देंगे। निवेश को आकर्षित करेंगे और हर राज्य को विकास की दौड़ में बराबरी से शामिल करेंगे। उन्होंने कहा कि 2017 में जीएसटी लागू करना ऐतिहासिक कदम था और अब इसका नया अध्याय शुरू हो रहा है।

---

एजीएम में होगा फैसला

# मिथुन ने भरा बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए नामांकन

मुंबई/ एजेंसी



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के नए अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया तेज हो गई है। दिल्ली टीम के पूर्व कप्तान मिथुन मनहास ने रविवार को मुंबई स्थित बोर्ड मुख्यालय में अध्यक्ष पद के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख रविवार दोपहर थी। 45 वर्षीय मनहास भारतीय घरेलू क्रिकेट में एक जाना-माना नाम हैं। उन्होंने 1997-98 से लेकर 2016-17 तक के लंबे करियर में 157 फर्स्ट क्लास, 130 लिस्ट ए और 91 टी20 मुकाबले खेले हैं। उनके नाम 9714 फर्स्ट क्लास रन दर्ज हैं। आईपीएल में उन्होंने दिल्ली डेयरडेविल्स, पुणे वॉरियर्स और चेन्नई सुपर किंग्स का प्रतिनिधित्व किया। मनहास का नाम हाल ही में नई दिल्ली में हुई एक अनौपचारिक बैठक के बाद सामने आया, जहां यह तय किया गया कि उन्हें बीसीसीआई अध्यक्ष पद के लिए आगे बढ़ाया जाएगा। यह पद पिछले महीने रोजर बिन्नी के कार्यकाल समाप्त होने के बाद से खाली था। बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने मीडिया से कहा, 'अगले कार्यकाल के लिए एक नई बॉडी बनाई जा रही है। मिथुन मनहास पूर्व खिलाड़ी हैं और उन्हें अध्यक्ष बनाने का फैसला लिया गया है। अरुण धूमल आईसीसी गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन हैं और वे उसी पद पर बने रहेंगे। एजीएम में सिर्फ अध्यक्ष ही नहीं बल्कि बोर्ड के कई अहम पदों पर भी चुनाव होंगे।

### आढ़तियों की मांगों को केन्द्र सरकार के समक्ष मजबूती से उठायेंगे

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आढ़तियों के हितों की रक्षा के लिये अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार आढ़तियों की जायज मांगों को केन्द्र सरकार के समक्ष जोरदार तरीके से उठायेगी। मुख्यमंत्री ने यहाँ आढ़तियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए ज़ोर देकर कहा कि राज्य सरकार उनकी जायज़ चिंताओं को पूरी गंभीरता से दूर करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि इनमें से ज़्यादातर माँगें केंद्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में आती हैं, जिनकी वह अनदेखी कर रही है।

कानून मंत्री मेघवाल

## मध्यस्थता परिषद के गठन में प्रगति हुई है

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को कहा कि मध्यस्थता परिषद के गठन में प्रगति हुई है और वह जल्द ही इस बारे में ''अच्छी खबर'' साझा करेंगे। मध्यस्थता पर एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए, मेघवाल ने कहा कि कुछ लोगों ने इस ओर ध्यान दिलाया है कि मध्यस्थता कानून पारित होने के वर्षों बाद भी भारतीय मध्यस्थता परिषद का गठन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा, ''हम इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। मैं जल्द ही अच्छी खबर दूंगा।'' हाल में, अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने संसद द्वारा मध्यस्थता अधिनियम पारित किए जाने के दो साल बाद मध्यस्थता परिषद के गठन में देरी के पीछे मानव संसाधन की कमी को कारण बताया था। शीर्ष विधि अधिकारी ने कहा कि मानव संसाधन की कमी के कारण आज ऐसे कई कानूनों के क्रियान्वयन में समस्या आ रही है। मध्यस्थता अधिनियम मध्यस्थों को विनियमित करने के लिए एक भारतीय मध्यस्थता परिषद के गठन का प्रस्ताव करता है।

---

ये पीएम मोदी का देशवासियों को दिवाली गिफ्ट

# जीएसटी रिफॉर्म से नए रोजगार का होगा सृजन-सीएम योगी.....

लखनऊ/ एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दीपावली के उपहार के रूप में हर देश और प्रदेशवासी को जीएसटी रिफॉर्म का गिफ्ट दिया है। इससे जहां एक ओर जरूरी चीजें छात्रों के लिए शिक्षण सामग्री, दूध, दही, घी, पनीर, खाने की वस्तुओं में भारी छूट दी गयी है, वहीं दूसरी ओर नशे और फिजूलखर्ची पर भारी टैक्स लगाया गया है। युवाओं के सपनों को उड़ान देने के लिए बाइक, कार, घर, घर पर लगने वाले स्टील, सीमेंट आदि पर भी छूट दी गयी है। यह घोषणा 3 सितंबर को जीएसटी काउंसिल ने की थी, जिसे 22 सितंबर से पूरे देश में लागू किया जा रहा है। वहीं विजयदशमी पर हर गांव, हर कस्बे और हर जिले में युवाओं को बुराई के प्रतीक पाप, अत्याचार, भ्रष्टाचार, अन्याय और नशे का पुतला जलाना होगा। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आवास पर रविवार को नशामुक्त भारत के लिए नमो युवा रन का शुभारंभ करते हुए कही। नमो मैराथन कालिदास मार्ग से शुरू होकर 1090 चौराहे पर समाप्त हुई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत माता की जय के जयकारों से युवाओं को हौसला बढ़ाया। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 'आजादी के अमृत महोत्सव' के अवसर पर देशवासियों से विकसित भारत का संकल्प लेने। और पंच प्रण के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया था। उन्होंने कहा था कि गुलामी के अंशों को समाप्त करना होगा।

### पुलिस अधिकारी जन शिकायतों का त्वरित समाधान करें: सैनी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्यभर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे जनसंपर्क प्रयासों को तेज करें और नागरिक शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभावी कानून प्रवर्तन की नींव जनता के विश्वास पर टिकी है। कमिश्नर से लेकर डीएसपी तक, हर पुलिस अधिकारी को नागरिकों की चिंताओं से गहराई से जुड़ना चाहिए। ग्रामीणों, युवाओं और स्थानीय समुदायों के साथ बेहतर संवाद नशीली दवाओं के दुरुपयोग और आपराधिक गतिविधियों से निपटने में मददगार होगा। उन्होंने कहा कि निवासियों के साथ खुला संवाद बनाए रखना।

---

वोट चोरी' पर गरमाई सियासत

# 90 प्रतिशत महायुति विधायक धांधली से चुनाव जीते-राउत..

नई दिल्ली/ एजेंसी

शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा भाजपा पर लगाए गए वोट चोरी के आरोपों को दोहराया और कहा कि महाराष्ट्र में महायुति के 90 प्रतिशत विधायक वोट चोरी के कारण जीते हैं। राउत की यह प्रतिक्रिया राहुल गांधी के हालिया दावों के दो दिन बाद आई है, जिसमें उन्होंने कर्नाटक के अलंद विधानसभा क्षेत्र से लगभग 6000 वोटों की वोट चोरी का आरोप लगाया था। इस साल की शुरुआत में, कांग्रेस सांसद ने चुनाव आयोग द्वारा बेंगलुरु मध्य लोकसभा क्षेत्र से लगभग 100000 नामों को हटाने और चुनावों में धांधली करने में भाजपा की मदद करने का आरोप लगाया था। संजय राउत ने संवाददाताओं से कहा कि महाराष्ट्र में ऐसे लोग चुने गए हैं जिनके बारे में लोगों को भी पता नहीं है कि वे विधायक हैं। वे 'वोट चोरी' के कारण विधायक बने हैं। एकनाथ शिंदे, अजित पवार या भाजपा के 90 प्रतिशत विधायक वोट चुराकर या धांधली करके विधायक बने हैं। इससे पहले गुरुवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने राष्ट्रीय राजधानी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर भारतीय लोकतंत्र को नष्ट करने वाले लोगों को बचाने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि कुछ खास लोग व्यवस्थित रूप से अल्पसंख्यक समूहों के वोट काट रहे हैं जो विशेष रूप से कांग्रेस को वोट देते हैं।

---

एच-1बी वीजा धारकों को दी नौकरी....

# अमेरिकी कंपनियों ने 40000 हजार आईटी पेशेवरों को निकाला

वॉशिंगटन/ एजेंसी

अमेरिका में एच-1बी वीजा को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। व्हाइट हाउस ने शनिवार को कहा कि कई अमेरिकी कंपनियों ने इस साल 40,000 से ज्यादा अमेरिकी टेक वर्कर्स की छंटनी की और उनकी जगह विदेशी कर्मचारियों, खासकर एच-1बी वीजा धारकों को नौकरी दी। व्हाइट हाउस ने कहा कि इस कदम से अमेरिकी युवाओं का साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ्स (एसटीईएम) करियर की तरफ रुझान कम हो रहा है और यह अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। व्हाइट हाउस की तरफ से जारी फैक्ट शीट के अनुसार, एक कंपनी को 5,189 एच-1बी वीजा की मंजूरी मिली, लेकिन उसने इसी साल 16,000 अमेरिकी कर्मचारियों को नौकरी से निकाला। दूसरी कंपनी को 1,698 एच-1बी वीजा की मंजूरी मिली, जबकि उसने ओरेगन में 2,400 वर्कर्स को जुलाई में हटा दिया। तीसरी कंपनी ने 2022 से अब तक 27,000 अमेरिकी कर्मचारियों की छंटनी की, जबकि उसे इसी दौरान 25,075 एच-1बी वीजा मिले। एक और कंपनी ने फरवरी 2025 में 1,000 अमेरिकी कर्मचारियों की छंटनी की, जबकि उसे 1,137 एच-1बी वीजा की मंजूरी दी गई। व्हाइट हाउस ने यह भी खुलासा किया कि कई बार अमेरिकी कर्मचारियों को गोपनीय समझौते (एनडीए) के तहत अपने विदेशी रिप्लेसमेंट को ट्रेनिंग देने के लिए मजबूर किया गया। इस विवाद के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की कि अब कंपनियों को हर नए एच-1बी वीजा के लिए $100,000 (करीब 83 लाख रुपये) का एकमुश्त शुल्क देना होगा। व्हाइट हाउस ने कहा कि यह कदम एच-1बी प्रोग्राम के दुरुपयोग को रोकने, अमेरिकी कर्मचारियों की तनख्वाह गिरने से बचाने और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने के लिए उठाया गया है। यह शुल्क केवल नए एच-1बी वीजा आवेदनों पर लागू होगा। पहले से जारी वीजा या उनके नवीनीकरण पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। यह नियम 21 सितंबर 2025 से प्रभावी होगा। 2025 की एच-1बी लॉटरी जीत चुके उम्मीदवारों पर भी यह शुल्क लागू नहीं होगा। अमेरिकी यूएससीआईएस ने स्पष्ट किया कि जो वीजा आवेदन 21 सितंबर से पहले दाखिल किए गए हैं, उन पर नया शुल्क नहीं लिया जाएगा। इस फैसले का सीधा असर भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स पर पड़ेगा। हर साल एच-1बी वीजा धारकों में भारतीयों की संख्या सबसे ज्यादा रहती है। हालांकि, जो भारतीय कर्मचारी पहले से अमेरिका में काम कर रहे हैं या अपना वीजा रिन्यू करा रहे हैं, उन्हें यह शुल्क नहीं देना होगा।

### पूर्व विदेश सचिव का जवाब, डोनाल्ड ट्रंप को मोदी के खिलाफ हथियार न बनाएं

कांग्रेस अध्यक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए पूर्व विदेश सचिव कंवल सिब्बल ने एक एक्स पोस्ट में कहा कि विदेशी धमकियों के खिलाफएकजुट होने के बजाय, पीएम मोदी को दोष देना भारत के प्रतिरोध को कमजोर करता है। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रंप अपने सहयोगियों सहित सभी के साथ घिनौना व्यवहार कर रहे हैं। सिब्बल ने सवाल उठाया, 'क्या विपक्ष अमेरिका द्वारा हमारी विदेश नीति के विकल्पों पर निर्देशित होने से इनकार कर रहा है?' उन्होंने यह भी कहा कि भारत ने पाकिस्तान की तरह ट्रंप की सद्भावना हासिल करने के लिए व्यापारिक सौदे नहीं किए। सिब्बल ने आगे कहा कि अगर ट्रंप अपने समर्थकों को खुश करने के लिए अमेरिका की उपलब्धियों को रद्द करना चाहते हैं, तो यह सिर्फ भारत की समस्या नहीं है।

## शीतला मंदिर के जलकुण्ड के पानी की विशेषता

# असाध्य रोग दूर होने के साथ पूरी होती है मनोकामना

### शीतला मंदिर के जलकुण्ड के पानी की विशेषता

### देश-विदेश के श्रद्धालु आते मनोकामना ज्योत जलाने

### क्वांर नवरात्र आज से मंदिरों में उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़



**लोकतंत्र प्रहरी। दुर्ग ।** सिविल लाईन कसारीडीह स्थित मां सतरुपा शीतला की प्रसिद्धि छत्तीसगढ़ ही नही अपितु देश विदेश में भी है.यहाँ की खासियत ये है कि मंदिर में मां शीतला सात रुपों में विराजमान है। जिसके करीब एक स्वयंभू जलकुण्ड का पानी जो कभी सुखता नहीं है। ऐसी मान्यता है कि मंदिर के जलकुण्ड के पानी के सेवन व उपयोग करने से असाध्य रोग दूर होने के साथ मनोकामना पूर्ण होती है। फलस्वरुप मंदिर में क्वांर और चैत्र नवरात्रि पर मां शीतला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का मेला लगता है।

हर साल की तरह इस साल भी मां सतरुपा शीतला मंदिर में नवरात्रि का पर्व पूरे आस्था व श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। जिसकी तैयारी पूर्ण कर ली गई है.क्वांर नवरात्रि पर इस साल मंदिर में 1551 की संख्या में देश व विदेश के श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योत प्रज्जवलित किए गए है।नवरात्रि पर्व पर इस साल सतरुपा शीतला सेवा समिति द्वारा पूरे 10 दिन 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक धार्मिक कार्यक्रम के अलावा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जायेंगे।

इस संबंध में सतरुपा शीतला सेवा समिति के अध्यक्ष रोमनाथ साहू ने बताया कि मंदिर में क्वांर नवरात्रि पर्व की शुरुआत 22 सितंबर को शुभ मुहुर्त पर सुबह 11.36 बजे कलश स्थापना व ज्योत प्रज्जवल के साथ होगी। 27 सितंबर को पंचमी पर कलश चढ़ावा व माता का श्रृंगार, संध्या 4 बजे बाना परघनी, 30 सितंबर को महाअष्टमी पर्व पर संध्या 4 बजे हवन-पूजन, संध्या 6 बजे से कन्या पूजन व कन्याभोज एवं 1 अक्टूबर को महानवमी पर्व पर संध्या 4 बजे ज्योत-जंवारा की भव्य विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। श्री साहू ने बताया कि नवरात्रि पर मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जायेंगे। इस कड़ी में 27 सितंबर को रात्रि 7.30 बजे गरियाबंद की प्रसिद्ध पंडवानी गायिका रोशनी नागवंशी अपने साथी कलाकारों के साथ पंडवानी गायन की प्रस्तुति देंगी। इसके अलावा विभिन्न जस गायन मंडलियों द्वारा प्रतिदिन मंदिर में जस गीतो की प्रस्तुति के माध्यम से माता की आराधना की जाएगी। सतरुपा शीतला सेवा समिति के अध्यक्ष ने यह भी बताया कि, पर्व को लेकर मंदिर में विशेष साज-सज्जा की गई। विद्युत लाईटें एवं तोरण-पताका आकर्षण का केन्द्र होंगे। क्वांर नवरात्रि की तैयारियों को अंतिम रुप देने में सतरुपा शीतला सेवा समिति के अध्यक्ष रोमनाथ साहू, उपाध्यक्ष शिव सागर सिन्हा, सचिव प्रदीप देशमुख,कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र धर्माकर, संयुक्त सचिव चम्पा साहू, प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य तामेश्वर यादव, पुष्पा श्रीवास,सदस्य भीखम साहू, कृष्णा देशमुख, भारतेंदु गौतम धनेश सिंह राजपूत, हेमसिंह ठाकुर के अलावा अन्य सदस्य जुटे हुए है।

इसी तरह दुर्ग शहर की मां चंडी मंदिर चंडी चौक,मां शीतला मंदिर बैगा पारा सहित अन्य देवी मन्दिरों ज्योत कलश स्थापना की जा रही है.साथ ही शहर के प्रमुख समितियों द्वारा माँ दुर्गा की प्रतिमा भी स्थापित की जा रही है.इसके लिए दुर्ग शहर को विधुत झालरों से सजाया जा रहा है।

## बोर खनन से तहसील कार्यालय में पहुंचने वाले लोगों को पेयजल की समस्या से मिली मुक्ति

**दल्लीराजहरा।** डौंडी लोहारा नगर के वार्ड क्रमांक 11 में मौजूद तहसील कार्यालय में पहुंचने वाले लोगों को होने वाली पेयजल की समस्या से अब मुक्ति मिल चुकी है। नगर पंचायत अध्यक्ष के पत्र के बाद पीएचई विभाग के ईई ने मात्र 10 दिनों के भीतर ही बोर खनन कर दिया। दरअसल डौंडी लोहारा तहसील अंतर्गत कई गांव आते हैं और हर दिन किसी न किसी व्यक्ति को तहसील कार्यालय किसी ना किसी काम के सिलसिले में पहुंचना होता है। लेकिन तहसील कार्यालय में पेयजल का स्त्रोत नहीं होने से लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा था। जैसे ही इसकी जानकारी डौंडी लोहारा नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम को लगी तो उन्होंने अपने लेटर पैड से लोग स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को पत्र लिखा। जिसके बाद ईई सागर वर्मा ने मामले को गंभीरता से लिया और तत्काल संबंधित सहायक अभियंता को पत्र जारी कर बोर खनन के लिए निर्देशित किया। निर्देश मिलते ही पीएचई विभाग के बोर खनन वाली गाड़ी मौके पर पहुंची और बोर की खुदाई की गई। तहसील परिसर में बोर की खुदाई से वहां आने जाने वाले लोगों को अब पानी के लिए इधर उधर भटकना नहीं पड़ेगा। जिसके लिए नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम और पीएचई विभाग के ईई सागर वर्मा का लोगों ने आभार जताया।

## श्री गंजपारा दुर्गा उत्सव समिति करेगी 9 दिनों तक मां शारदेय की आराधना

### पुरानी गंजमंडी में होंगे विविध आयोजन

**लोकतंत्र प्रहरी। दुर्ग।** श्री गंजपारा दुर्गा उत्सव समिति पुरानी गंजमंडी गंजपारा दुर्ग द्वारा शारदेय नवरात्र पर्व बड़ी धूमधाम से मनाने जा रही है यह समिति का 58वां वर्ष है।

हर साल की तरह इस साल भी समिति द्वारा नवरात्रि के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

मां अम्बे की प्रतिमा स्थापना के साथ ही विसर्जन तक अनेक कार्यक्रम आयोजित होगा।

25 सितंबर गुरुवार रात्रि 9:15 बजे से रायपुर के कलाकार आदित्य सिन्हा नाईट,26 सितंबर शुक्रवार को बंटू भाई सेवक दिल्ली एवं गौरव दत्त तिजारा राजस्थान के सुप्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा बाबा खाटूश्यामजी जी का भजन, 27 सितंबर रात्रि 9:15 बजे से अखिल भारतीय कवि सम्मेलन जिसमें कुमार मनोज लखनऊ, अरूण जैमिन फरिदाबाद,डा अनिल चौबे बनारस, मोहित शौर्य गाजियाबा, दीपक दनादन भोपाल, कृति चौबे दिल्ली अपनी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे।

इसके अलावा 28 सितंबर को छत्तीसगढ़ी कलाकारा कंचन जोशी की प्रस्तुति होगी। साथ ही 2 अक्टूबर माता की महाप्रसादी भंण्डारा सुबह 10:30 बजे से होगा।30 सितंबर अष्टमी हवन पुजन सुबह 10 बजे के बाद 3 अक्टूबर सुबह 9:30 बजे विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी। आपको बता दें,

प्रशासन के दिशा निर्देशों के तहत समिति ने ना ही किसी स्टाल का निर्माण किया है ना ही किसी को पार्किंग के लिए अधिकृत किया है पार्किंग व्यवस्था निशुल्क रहेगी।

## प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के खाते में हुआ राशि अंतरण

**बेमेतरा।** भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 75वाँ जन्मदिन पर मध्यप्रदेश के धार जिले में मनाया गया। इस अवसर पर भारत शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि अंतरण किया गया। जिसमें बेमेतरा जिला के प्रथम संतान अंतर्गत प्रथम किस्त (3000) हेतु 1095 पात्र हितग्राहियों के खाते में राशि 32,85,000 रू. व प्रथम संतान अंतर्गत द्वितीय किस्त (2000) हेतु 902 पात्र हितग्राहियों के खाते में राशि 18,04,000 रू. तथा द्वितीय संतान (बालिका) अंतर्गत 312 पात्र हितग्राहियों के खाते में एकमुस्त 6000/- के मान से राशि 18,72,000 रू. कुल 69.61 लाख रू. अंतरित किया गया। उक्त योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले में 4317 पंजीकृत हितग्राहियों को कुल राशि 1.86 करोड़ रू. का भुगतान किया गया। जिससे गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के पोषण में सुधार, गर्भावस्था एवं प्रसव के दौरान होने वाली मजदूरी के नुकसान की भरपाई तथा स्वस्थ गर्भवस्था और शिशु के स्वास्थ्य संबंधी हेतु राशि का उपयोग किया जाकर स्वस्थ्य जीवन एवं आर्थिक सहायता मिल रही है।

## श्रीराम कथा में खुर्सीपार पहुंचे गृह मंत्री विजय शर्मा

### कथा सुनकर भाव विभोर हुए

**दुर्ग.।** प्रदेश के गृह एवं जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री तथा दुर्ग जिला प्रभारी मंत्री विजय शर्मा शनिवार को खुर्सीपार भिलाई पहुंचे। उन्होंने यहाँ आईटीआई मैदान में आयोजित कार्यक्रम में श्री राम कथा का श्रवण किया। गृह मंत्री विजय शर्मा ने कथा वाचक राष्ट्रीय संत श्री राजन जी महराज का पुष्पगुच्छ, शॉल एवं श्री राम जानकी प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में श्रोता समूह जनमानस उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न, आगामी पर्व-त्योहारों को लेकर हुए महत्वपूर्ण निर्णय

**बेमेतरा।** जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट के दिशा सभा कक्ष में कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी दुर्गा उत्सव, दशहरा एवं दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए जिले में सामाजिक सौहार्द्र, आपसी भाईचारे और शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने संबंधी विषयों पर गहन चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर शर्मा ने कहा कि बेमेतरा जिला हमेशा से सामाजिक समरसता और भाईचारे की मिसाल रहा है। यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि आगामी त्योहार शांति, अनुशासन और आपसी सहयोग के साथ सम्पन्न हों। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि पर्व-त्योहारों के दौरान पेयजल आपूर्ति, बिजली व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाएँ और स्वच्छता की स्थिति पूरी तरह दुरुस्त रखी जाए, ताकि श्रद्धालुओं और नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहेगा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर स्तर पर सख्त निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि आगामी पर्व-त्योहारों में डीजे बजाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा तथा अत्यधिक तेज़ आवाज़ में धमाल बजाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अफ्वाहों से दूर रहें और किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत पुलिस अथवा प्रशासन से संपर्क करें। बैठक में यह जानकारी दी गई कि नवदुर्गा पर्व 22 सितम्बर से प्रारंभ होकर 2 अक्टूबर को विजयादशमी के दिन सम्पन्न होगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पूजा पंडाल सड़कों पर न बनाए जाएं, जिससे आवागमन बाधित न हो और आमजन को परेशानी न हो। केवल मिट्टी से बनी दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की अनुमति होगी। पंडालों की सुरक्षा की जवाबदारी आयोजकों की होगी तथा सभी पूजा पंडालों के लिए अस्थायी बिजली कनेक्शन लेना अनिवार्य रहेगा। नवरात्रि के दौरान गरबा एवं आर्केस्ट्रा के आयोजन के लिए एसडीएम से पूर्व अनुमति लेना आवश्यक होगा। समिति के अध्यक्ष और सदस्यों की सूची संबंधित थाना में उपलब्ध कराना भी अनिवार्य रहेगा। विजयादशमी के अवसर पर 2 अक्टूबर को जिला मुख्यालय के कृषि उपज मंडी में रावण दहन का आयोजन किया जाएगा, जिसके बाद विभिन्न मार्गों से होते हुए प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। नगर पालिका द्वारा प्रतिदिन सफाई व्यवस्था को और मजबूत करने, स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेडिकल टीम की उपलब्धता तथा स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में विभिन्न एसडीएम प्रकाश भारद्वाज, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुज्योति सिंह, समाज प्रमुखों, धर्मगुरुओं, नगर सेना, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित जिले के गणमान्य नागरिक एवं प्रिंट तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से यह आश्वासन दिया कि जिले के आगामी पर्व-त्योहार आपसी सौहार्द्र और शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न होंगे। अंत में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि प्रशासन और जनता के परस्पर सहयोग से बेमेतरा जिला प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में शांति और भाईचारे की धरती के रूप में आदर्श प्रस्तुत करेगा।

## रिसाली में बनेगा रजत जयंती उद्यान

### अधिकारी कर्मचारियों ने किया पौधारोपण

**लोकतंत्र। छत्तीसगढ़। भिलाई ।** रिसाली नगर पालिक निगम रजत जयंती वर्ष में उद्यान का निर्माण करेगा। आयुक्त मोनिका वर्मा के निर्देश पर उद्यान को संवारने का कार्य किया जा रहा है। रविवार को कार्यपालन अभियंता सुनील दुबे और वार्ड पार्षद डॉ सीमा साहू ने पौध रोपण किया। वीआईपी नगर गार्डन अब रजत जयंती उद्यान के नाम से जाना जाएगा। इसके लिए उद्यान के आहते को न केवल रंग रोगन किया जाएगा,बल्कि उद्यान के अंदर मरम्मत कार्य कर उसे खूबसूरत बनाया जाएगा। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत रिसाली निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उद्यान में छाया दार और सुंदर पौध का रोपण किया। इस अवसर पर सहायक अभियंता अखिलेश गुप्ता, कार्यक्रम प्रभारी अभियंता डिगेश्वरी चंद्राकर, प्रभारी उप अभियंता गोपाल सिन्हा, राजस्व विभाग प्रभारी मंगल कुर्रे, प्रभारी स्वास्थ अधिकारी अमित चंद्राकर, सहायक परियोजना अधिकारी टिकेंद्र वर्मा,एन यू एल एम की अरुणा घृत लहरें, आईरा आनंद, आदित्य ताम्रकार, पी आई यू विजय कश्यप उपस्थित थे।

**बैंक लेन की सफ़ाई-** निगम के जन स्वास्थ्य विभाग के 100 से भी ज्यादा कर्मचारियों ने निगम क्षेत्र में अभियान चलाया। आयुक मोनिका वर्मा के मार्गदर्शन में ऐसे बैंक लेन की सफाई की जहां गंदगी का अंबार था। इसी तरह जीवीपी प्वाइंट खत्म करने विशेष सफाई अभियान चलाया गया। आयुक्त ने निर्देश दिए है कि गंदगी फैलाने वालों से अर्थ दंड वसूला जाए।

## रजत महोत्सव पर बेमेतरा में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

### जिला जेल में विचाराधीन बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण

### 146 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श व रक्त जांच की गई

**लोकतंत्र प्रहरी। छत्तीसगढ़। बेमेतरा।** 20 सितम्बर। रजत महोत्सव छत्तीसगढ़ के अवसर पर बेमेतरा जिला जेल में विचाराधीन बंदियों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिला चिकित्सालय बेमेतरा की टीम द्वारा किए गए इस शिविर में बंदियों को परामर्श, स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्त जांच की सुविधा दी गई।

यह स्वास्थ्य शिविर कलेक्टर रणबीर शर्मा, सीएमएचओ डॉ. अमृत लाल रोहलेडर के मार्गदर्शन तथा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. लोकेश साहू और जेल अधीक्षक राहुल पाण्डेय के निर्देशन में संपन्न हुआ। शिविर के दौरान 146 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें से 70 बंदियों की ब्लड शुगर, रक्तचाप, बुखार, सर्दी-खांसी, खुजली और दर्द जैसी समस्याओं की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य परीक्षण का कार्य जिला चिकित्सालय बेमेतरा के डॉ. सुभाष साहू और नर्सिंग ऑफिसर दीपांजलि डेनियल द्वारा किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक राहुल पाण्डेय, फार्मासिस्ट दीक्षा अंगारे, जेल प्रहरी स्टाफ जिला चिकित्सालय के वाहन चालक कृष्ण कुमार वर्मा एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ऋषि कुमार उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### फंदे पर लटकती मिली युवक-युवती की लाश

**रायपुर।** कोंडागांव जिले बांसकोट थाना क्षेत्र के ग्राम धामनपुरी में एक युवक और युवती के शव पेड़ पर फ दें से लटके मिले हैं। मृतकों की पहचान केशव नेताम (19 साल) और एक 17 साल की छात्रा के रूप में हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार घटना 17 सितंबर की शाम की है। गांव से लगभग 2 किलोमीटर दूर बाजार लाड़ी के पास ग्रामीणों ने पेड़ पर एक युवक व युवती की फंदे पर लटकते लाश देखी और इसकी सूचना बांसकोट थाना पुलिस को दी। सुचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है। मृतकों की पहचान केशव नेताम (19 साल) और एक 17 साल की छात्रा के रूप में हुई है। केशव नेताम कार शो-रूम में काम करता था, जबकि युवती कॉलेज फर्स्ट ईयर की छात्रा थी। दोनों धामनपुरी गांव के ही रहने वाले थे। युवती अपने चाचा के घर में रहती थी, क्योंकि उसके माता-पिता नहीं हैं। बांसकोट पुलिस के अनुसार,मामला प्रथम दृष्टया प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। हालांकि, पुलिस हत्या और अन्य संभावित कारणों की भी गहनता से जांच कर रही है।

### सूदखोर महिला व सहयोगी गिरफ्तार

**रायपुर।** कबीरधाम पुलिस ने लंबे समय से सूदखोरी और ब्लैकमेलिंग में लिप्त महिला अमीना ताज और उसके सहयोगी राकेश साहू को गिरफ्तार किया है। अमीना ताज जरूरतमंद लोगों को रकम देकर कई गुना ब्याज वसूलती थी। हाल ही में वायरल ऑडियो में अमीना ताज को पीड़ित को धमकाते सुना गया, जिसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए अमीना और उसके सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार एक प्रार्थी ने अमीना से 50 हजार रुपए का कर्ज लिया था, जिसके बदले करीब 6 लाख रुपए वसूले गए। इसके बाद भी ब्लैंक चेक के सहारे धमकाकर और झूठे मामलों में फं साने की धमकी देकर लगातार प्रताड़ित किया। आरोपी महिला पुलिस में ऊंची पहुंच होने का झूठा दावा करती थी। उसका सहयोगी राकेश साहू जो की पेशे से ड्रायवर है घर-घर जाकर जबरन वसूली करता और मारपीट करता था। हाल ही में एक ऑडियो वायरल हुआ था जिसमें अमीना ताज एक पीड़ित को धमका रही थी। जिसपर पुलिस ने संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपियों के घर और कार्यालय से उधारी लेन-देन के कागजात, पीड़ितों के ब्लैंक चेक, रजिस्टर और अन्य दस्तावेज बरामद किए गए। अन्य चार पीड़ितों की शिकायतें भी जांच में शामिल की गई है।

### बैंककर्मी से लूट के मामले में नाबालिग गिरफ्तार

**रायपुर।** जिले घरघोड़ा थाना क्षेत्र में बुधवार रात बैंककर्मी और उनकी पत्नी से हुई लूट के मामले में पुलिस ने एक नाबालिग बालक को पकड़ा है और उसके पास से लूट के 13 हजार रुपये बरामद किए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित एचडीएफसी बैंक घरघोड़ा में कार्यरत अलेख पंडा पिता दुष्यंत पंडा निवासी झरियापाली, 17 सितंबर की रात वे अपनी पत्नी के साथ घरेलू सामान की खरीदारी कर घर लौट रहे थे। रात करीब 7.30 बजे जब दंपति छाल रोड से गुजर रहे थे, तभी एक अज्ञात युवक अचानक सामने आया और उनकी पत्नी के हाथ से पर्स छीनकर फ रार हो गया। पर्स में 20 हजार रुपये नकद रखे हुए थे।

---

**सूरजपुर जिले की 75 ग्राम पंचायतें हुईं बाल विवाह मुक्त**

# प्रधानमंत्री के 75वें जन्मदिवस पर छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक उपलब्धि

■ महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ की बड़ी उपलब्धि

रायपुर/ संवाददाता

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 75वें जन्मदिवस पर छत्तीसगढ़ ने सामाजिक सुधार की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। सूरजपुर जिले की 75 ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किया गया है। विगत दो वर्षों में इन पंचायतों में बाल विवाह का एक भी प्रकरण दर्ज न होने के आधार पर यह मान्यता प्रदान की गई। इस उपलब्धि के पीछे राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की सतत पहल, सक्रिय मार्गदर्शन और नेतृत्व को निर्णायक माना जा रहा है।उनके नेतृत्व में विभाग ने गाँव-गाँव तक जागरूकता अभियान चलाया, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और पंचायत प्रतिनिधियों को सक्रिय किया तथा समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की। श्रीमती राजवाड़े ने कहा, कि सूरजपुर जिले की यह पहल केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा का कार्य करेगी। प्रधानमंत्री जी के अमृत महोत्सव वर्ष में यह उपलब्धि समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक सशक्त संदेश है। जिला प्रशासन ने इस पहल की सफलता में महिला एवं बाल विकास विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय समुदाय की संयुक्त भूमिका की सराहना की। सभी के सामूहिक प्रयास से यह सुनिश्चित हुआ कि शिक्षा और जागरूकता को प्राथमिकता मिले और कोई भी बाल विवाह न हो। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में 10 मार्च 2024 को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की शुरुआत हुई थी। यह अभियान यूनिसेफके सहयोग से और मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है।राज्य सरकार ने बाल विवाह उन्मूलन को सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रखा है और विभाग लगातार जनजागरूकता, निगरानी और सामाजिक सहभागिता को मजबूत कर रहा है। सूरजपुर की इस सफलता से प्रेरित होकर अब छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों में भी पंचायतों और नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। जिन जिलों में विगत दो वर्षों में बाल विवाह का कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है, वहां शीघ्र ही प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे।

### मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने दी बड़ी सौगात

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले को लगातार विकास की नई सौगातें मिल रही हैं। जिले की जनता की आवश्यकताओं और मांगों को प्राथमिकता देते हुए मुख्यमंत्री श्री साय अधोसंरचना विकास, स्वास्थ्य तथा शिक्षा क्षेत्र में योजनाबद्ध ढंग से विकास कार्यों को अंजाम देने में लगे हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री द्वारा कुनकुरी नगर पंचायत क्षेत्र में छठघाट तालाब के विकास कार्य हेतु 5 करोड़ 17 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। इस राशि से तालाब का सौंदर्यीकरण, किनारों का सुदृढ़ीकरण, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक विकास कार्य किए जाएंगे। कार्य पूर्ण होने के पश्चात छठघाट तालाब धार्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से और अधिक भव्य स्वरूप प्राप्त करेगा तथा नगर की पहचान और आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प है कि प्रत्येक जिले और नगर को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाए।

---

## युवती से दोस्ती कर 40 लाख की ठगी

रायपुर। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में सोशल मीडिया के जरिए ठगी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। एक युवक ने इंस्टाग्राम पर पहले एक युवती से दोस्ती की, फिर उसके परिवार का विश्वास जीतकर करीब 40 लाख रुपये से ज्यादा की ठगी को अंजाम दे डाला। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और लाखों की संपत्ति जब्त की है। यह मामला छावनी थाना क्षेत्र का है। शिकायत नंदिनी रोड, भिलाई निवासी राजकुमार गुप्ता ने दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी से इंस्टाग्राम के माध्यम से तुषार गोयल (21 वर्ष), निवासी शिक्षक नगर, दुर्ग ने संपर्क किया। धीरे-धीरे उसने पूरा परिवार का विश्वास हासिल कर लिया और गहनों व बैंक डिपॉजिट की जानकारी लेकर ठगी कर दी। पीड़ित परिवार से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी तुषार ने उनके घर से 2 नेकलेस, 2 चैन, 3 पुरुषों की अंगूठियां, 4 चुड़ियां, 3 महिलाओं की अंगूठियां, 1 मंगलसूत्र, 1 जोड़ी झुमके, 5 जोड़ी टॉप्स, 1 डायमंड पेंडेंट वाली चैन और 1 नथनी लेकर चुपचाप गायब हो गया। इसके अलावा, राजकुमार गुप्ता और उनकी पत्नी मंजू गुप्ता के नाम से बैंक में जमा करीब 26 लाख रुपये की फिक्स डिपॉजिट राशि भी आरोपी ने धोखाधड़ी से निकलवा ली। इतना ही नहीं, आरोपी ने प्रार्थी और उनकी पुत्री के नाम पर 4 दोपहिया वाहन और मोबाइल फोन भी फाइनेंस करा लिए। छावनी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420 और धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

## समोदा बैराज से शराब फैक्ट्री को पानी देने के विरोध में कांग्रेस व ग्रामीणों का प्रदर्शन

■ पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर के नेतृत्व में ग्रामीणों व कांग्रेसियों ने बोला हल्ला

**रायपुर।** पिकाडिली शराब फैक्ट्री को महानदी (समोदा बैराज) से पानी दिए जाने से नाराज ग्राम अछोली के ग्रामीणों तथा सैकड़ों कांग्रेस जनों ने पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर के नेतृत्व में आज पिकाडिली फैक्टी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने फैक्ट्री को बैराज से पानी देने से नाराजगी व्यक्त करते हुए अनुबंध निरस्त करने की मांग की। पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर कहा कि इसी बैराज से महासमुंद विधानसभा के 48 गांवों को पानी देने समूह जल प्रदाय योजना के तहत इंटेकवेल बन चुका है। बैराज से पहले ही खरोरा के समीप स्थित अडानी के पावर प्लांट को क्षमता के 80 फीसदी पानी दिया जा रहा है। साथ ही नगर पंचायत खरोरा को भी नल जल योजना के तहत इसी बैराज से पानी की आपूर्ति हो रही है। शेष पानी को महासमुंद विधान सभा के 48 गांवों को समूह जल प्रदाय के तहत पानी देने की योजना है। अब यदि शराब फैक्ट्री को यहां से पानी दिया गया तो क्षेत्र के 48 गांवों तक पानी पहुंच पाना मुश्किल है। गांवों की प्यास बुझाने के लिए जन कल्याण की भावना से पूर्ववर्ती भूपेश सरकार द्वारा यह योजना बनाई गई थी। जिसे भाजपा की सरकार द्वारा उद्योगों को पानी देने की स्वीकृति देकर इस महत्व पूर्ण योजना पर पानी फेरा जा रहा है। यदि बैराज का पानी शराब फैक्ट्री को दी गई तो क्षेत्र के गांवों तक पानी नहीं पहुंचेगा। करोड़ों रुपए की इस योजना पर पानी फिर जाएगा। विरोध प्रदर्शन के दौरान ग्राम अछोली से हुकेश्वर साहू, लोकेश जांगड़े, तेजा जांगड़े, सुशील निषाद, कलेश्वर, सतराम साहू, उपसरपंच प्रतिनिधि सन्नी निषाद, जुम्मन साहू, कुलेश्वर साहू, गजेंद साहू पंच, भोरिंग भेख राम साहू उपसरंच, वेदप्रकाश साहू पंच, पराग आवडे पंच।

## मां से ही संपूर्ण सृष्टि का आधार प्रसव के दौरान माताओं की मौत सभी के लिए दुख की बात

■ स्वस्थ छत्तीसगढ़ से स्वस्थ भारत बनेगा और देश को विकसित बनाने मे स्वास्थ्य की अहम भूमिका होगी

■ छत्तीसगढ़ की महतारी, हम सबकी जिम्मेदारी अभियान से मातृ स्वास्थ्य को मिलेगी नई दिशा

रायपुर/ संवाददाता

देश में 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का संचालन किया जा रहा है। इसी अभियान के अंतर्हत छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग और यूनिसेफ के द्वारा संयुक्त रूप से छत्तीसगढ़ की महतारी, हम सबकी जिम्मेदारी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को लेकर शुक्रवार को दो दिवसीय कार्यशाला की शुरूआत की गयी। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कार्यशाला के पहले दिन उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि मां से ही संपूर्ण सृष्टि का आधार होता है। ऐसे में प्रसव के दौरान किसी माता की मौत हम सभी के लिए दुख की बात होती है। उन्होंने कहा कि राज्य गठन के समय छत्तीसगढ़ में मातृ मृत्यु की दर 365 थी जो वर्तमान में घटकर 141 हो चुकी है। इसी तरह से राज्य गठन के वक्त शिशु मृत्यु दर 79 थी जो अब 38 हो चुकी है। श्री जायसवाल ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाएं लगातार बढ़ रही हैं और हमारा लक्ष्य है कि आने वाले समय में ये शिशु और मातृ मृत्यु दर शून्य हो जाएं। स्वास्थ्य मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ छत्तीसगढ़ से ही स्वस्थ भारत बनेगा और देश को विकसित बनाने में स्वास्थ्य की अहम भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन और महिला बाल विकास विभाग की बहनों के संयुक्त प्रयास से आने वाले समय में राज्य के स्वास्थ्य आंकड़ों में सुधार जरूर आएगा। इस मौके पर आयुक्त सह संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. प्रियंका शुक्ला ने कहा कि राज्य सरकार ने मातृ स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखते हुए छत्तीसगढ़ की महतारी, हम सबकी जिम्मेदारीनामक विशेष अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के माध्यम से न केवल माताओं को समय पर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने पर बल दिया जा रहा है, बल्कि राज्य के उन 30 विकासखंडों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है ।

## जिन पर विधायकों की चोरी का आरोप हो,वे वोट चोरी की बात कर रहे हैं.......

■ राहुल गांधी खुद को स्थापित करने के लिए लगातार झूठ बोल रहे हैं

रायपुर। संवाददाता

वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पूरी कांग्रेस पार्टी अब एक भ्रामक प्रचार एजेंसी में तब्दील हो चुकी है। भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अक्सर ऐसे बयान देते हैं जिनका कोई आधार नहीं होता और न ही वे वर्तमान, अतीत या भविष्य से मेल खाते हैं। कश्यप ने कहा कि राहुल गांधी के सलाहकार भी उन्हें सही दिशा नहीं दे रहे। उन्होंने दावा किया कि भारत के चुनाव आयोग ने राहुल गांधी के मतदाता सूची में गड़बड़ी को लेकर लगाए गए आरोपों को पहले ही खारिज कर दिया है। उनके मुताबिक, राहुल गांधी के सभी दावे तथ्यों के सामने टिक नहीं पाते और बार-बार असत्य साबित होते हैं। केदार कश्यप ने सचिन पायलट पर निशाना साधते हुए कहा कि वे ऐसे पायलट हैं जो राजस्थान में कांग्रेस का विमान संभाल नहीं पा रहे, और अब छत्तीसगढ़ में वही रट दोहरा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस के भीतर चमचा बनाओ प्रतियोगिता चल रही है, जिससे यह स्पष्ट है कि पार्टी नेतृत्व कमजोर और असहाय है। कश्यप ने कांग्रेस पर लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कथित वोट चोरी के मुद्दे को लेकर कांग्रेस एक बार फिर से जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जो पार्टी खुद विधायकों की खरीद-फरोख्त के आरोपों से घिरी रही है, वह आज वोट चोरी की बात किस नैतिक अधिकार से कर रही है। कश्यप ने दावा किया कि छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस ने अपनी ही सरकारों को अस्थिर करने के लिए विधायकों को तोड़ा था।

## मानव तस्करी मामले में फरार आरोपी पकड़ाया

**रायपुर।** पुलिस ने ऑपरेशन अंकुश के तहत 2016 से मानव तस्करी के मामले में फरार एक आरोपी को कोरबा से गिरफ्तार किया है। आरोपी दिसंबर 2016 में एक नाबालिक युवती को बहला-फु सलाकर दिल्ली ले गए थे। बता दें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में पुराने प्रकरणों के फरार आरोपियों की पता साजी व गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान, ऑपरेशन अंकुश चलाया जा रहा है, जिसके तहत पुलिस को फरार आरोपियों पकडने में पुलिस सफलता भी मिल रही है। इसी क्रम में जशपुर पुलिस को पत्थलगांव थाना में दर्ज एक मानव तस्करी के मामले में 2016 से फरार एक आरोपी को कोरबा से पकडने में सफलता मिली है । मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 17.12.2016 को थाना पत्थलगांव क्षेत्रांतर्गत एक ग्राम के प्रार्थी ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उसकी नाबालिक बेटी को दिनांक 02.12.2016 को किसी के द्वारा बहला-फुसलाकर भगा कर ले जाया गया है, आस पास रिश्तेदारों में पता साजी किए, कहीं पता नहीं चला। रिपोर्ट पर थाना पत्थलगांव में आरोपियों के विरुद्ध भा द वि की धारा 363, 370व 34 के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया था। पुलिस के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबिर, पुलिस की टेक्निकल टीम व परिजनों के सहयोग से दिनांक 04.01.2017 को ही रेस्क्यू कर, नाबालिक बालिका को दिल्ली से ढूंढ कर वापस लाया गया था।

---

**पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजनो**

# मुफ्त बिजली योजना से प्रतिभा को मिली बिजली बिल के बोझ से मुक्ति

रायपुर/ संवाददाता

प्रतिभा वर्मा ने बताया कि जुलाई महीने में अपने घर पर 3 किलोवॉट का सोलर सिस्टम लगवाया, जिससे बिजली बिल का बोझ लगभग खत्म हो गया और अब वे निश्चिंत होकर स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा का उपयोग कर रहे हैं। इस योजना के तहत केंद्र सरकार से उन्हें 78 हजार रुपये की सब्सिडी मिली, वहीं राज्य सरकार से अतिरिक्त 30 हजार रुपये की सहायता प्राप्त हुई। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से प्रतिभा वर्मा को अब बिजली बिल की राशि जमा करने के बोझ से मुक्ति मिली है। योजना के तहत अपने घर के छत में सोलर पैनल लगवाकर सौर ऊर्जा से बिजली का उपयोग कर रहे हैं। लक्ष्मण विहार कॉलोनी बलौदाबाजार की रहने वाली प्रतिभा वर्मा पति श्री बृजभूषण वर्मा बताते हैं कि वे लंबे समय से बिजली के भारी-भरकम बिलों से परेशान थीं। तभी दुर्ग में रहने वाली उनकी बहन ने उन्हें पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के बारे में बताया। बहन के घर पर सोलर सिस्टम पहले से लगा हुआ था और उसके अनुभव को सुनकर उन्हें भी इस योजना से जुड़ने की प्रेरणा मिली। प्रतिभा वर्मा बताती हैं कि वे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की आभारी हैं जिन्होंने आम लोगों को राहत देने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह ऐतिहासिक पहल की है। उनका कहना है कि यह योजना हर घर के लिए बेहद फायदेमंद है और सभी को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। वह अपील करती हैं कि लोग भी पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत अपने घरों में सोलर सिस्टम जरूर लगवाएं, क्योंकि यह न केवल बिजली के बिल से मुक्त करता है बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ पर्यावरण सुनिश्चित करने में भी योगदान देता है।

### प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से ग्रामीण परिवारों को मिल रही बड़ी राहत

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और आमजनों के जीवन में आर्थिक मजबूती का आधार बन रही है। इस योजना से प्रदेश के ग्रामीण एवं शहरी दोनों ही उपभोक्ताओं को सीधे तौर पर लाभ मिल रहा है। लोग अब बिजली बिल की चिंता से मुक्त होकर सौर ऊर्जा के माध्यम से स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा का उपयोग कर रहे हैं। इसी क्रम में सक्ती जिला अंतर्गत ग्राम जर्वे के किसान श्री राजकुमार मनहर इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने जून 2025 में अपने घर की छत पर 2 किलोवाट क्षमता का रूफ्टॉप सोलर पैनल स्थापित कराया। इस पर लगभग 1 लाख 26 हजार रुपये की लागत आई, जिसमें से 60,000 रुपये की सब्सिडी केंद्र सरकार से मिल चुकी है और 30,000 रुपये की सब्सिडी राज्य सरकार से मिलने की प्रक्रिया में है। श्री मनहर ने बताया कि सोलर पैनल लगने के बाद उनका बिजली बिल पूरी तरह से शून्य हो गया है। पहले उन्हें हर महीने 300 से 400 रुपये तक का बिल देना पड़ता था, लेकिन अब बिजली खर्च की कोई चिंता नहीं रही। उन्होंने इसे किसानों और ग्रामीण परिवारों के लिए एक क्रांतिकारी योजना बताते हुए अन्य उपभोक्ताओं से भी इसका लाभ उठाने की अपील की। योजना के तहत एक किलोवाट सोलर पैनल पर 30,000 रुपये केंद्र सरकार और 15,000 रुपये राज्य सरकार की सब्सिडी,दो किलोवाट पर 60,000 रुपये केंद्र और 30,000 रुपये राज्य सब्सिडी और तीन किलोवाट पर 78,000 रुपये केंद्र और 30,000 रुपये राज्य सब्सिडी दी जा रही है। सोलर प्लांट से न केवल घरेलू बिजली जरूरतें पूरी हो रही हैं, बल्कि अतिरिक्त उत्पादन से उपभोक्ता ऊर्जादाता भी बन सकते हैं। पंजीयन के लिए उपभोक्ता ऑनलाइन पोर्टल पीएम सूर्यघर मोबाइल एप, सीएसपीडीसीएल की वेबसाइट या टोल फ्री नंबर 1912 का उपयोग कर सकते हैं। इस योजना के चलते प्रदेशभर में ग्रामीण और शहरी परिवार तेजी से सौर ऊर्जा को अपना रहे हैं। इससे पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा आत्मनिर्भरता और आर्थिक बचत ङ्क तीनों ही लक्ष्यों की पूर्ति एक साथ हो रही है। आने वाले समय में यह योजना राज्य को स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने की दिशा में अहम भूमिका निभाएगी।

## संपाकीय

# तेजी से पिघल रहे ग्लेशियर, क्या हम तबाही के करीब पहुंच रहे हैं?

हिमनदों का तेजी से पिघलना जलवायु परिवर्तन और इसके परिणामस्वरूप आने वाली प्राकृतिक आपदाओं का संकेत है। इससे विनाशकारी बाढ़, जल संकट, समुद्र के स्तर में वृद्धि और पारिस्थितिकी तंत्र में असंतुलन जैसे संकट की स्थिति और गंभीर हो सकती है। यह भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय है। हिमनदों के पिघलने से पहाड़ों पर नई झीलें बन रही हैं और पहले से बनीं झीलों का दायरा भी बढ़ रहा है, जो कभी भी आसपास के इलाकों में भयंकर तबाही मचा सकती हैं।केंद्रीय जल आयोग की हालिया रपट में कहा गया है कि भारत के हिमालयी क्षेत्र में 432 हिमनद झीलों का आकार चिंताजनक रूप से बढ़ रहा है। इस वर्ष जून के दौरान इन झीलों के जल क्षेत्र में वृद्धि देखी गई है। सवाल यह है कि ये झीलें बढ़ते पानी का दबाव आखिर कब तक झेल पाएंगी? ऐसे में इस संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि भविष्य में जल का यह अथाह भंडार बड़ी आपदाओं का कारण बन सकता है। इसलिए जरूरी है कि इन हिमनद झीलों का गहन अध्ययन किया जाए और इनकी नियमित रूप से निगरानी की जाए।केंद्रीय जल आयोग की रपट के मुताबिक, लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश के हिमालयी क्षेत्र में हिमनद तेजी से पिघल रहे हैं और वहां बनी झीलों का आकार लगातार बढ़ रहा है। भारत में हिमनद झीलों का कुल क्षेत्रफल वर्ष 2011 में 1,917 हेक्टेयर था, जो वर्ष 2025 में बढ़ कर 2,508 हेक्टेयर हो गया। यानी इन झीलों के क्षेत्रफल में 30.83 फीसद की वृद्धि हुई है, जो आसपास की आबादी के लिए कभी भी प्रलयकारी साबित हो सकती । अरुणाचल प्रदेश में सबसे अधिक 197 विस्तारित हिमनद झीलें हैं। इसके बाद लद्दाख में 120, जम्मू-कश्मीर में 57, सिक्किम में 47, हिमाचल प्रदेश में छह और उत्तराखंड में पांच हिमनद झीलों का क्षेत्रफल बढ़ा है। देहरादून स्थित वाडिया हिमालय भू-विज्ञान संस्थान और दून विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में भी पाया गया है कि उत्तराखंड में हिमनदों के पिघलने से बन रही झीलों में मिट्टी, मलबा और पत्थर भी जमा हो रहे हैं। प्रदेश में पिछले दस वर्षों में हिमनद झीलों की संख्या 19.2 फीसद तक बढ़ी है। इससे साफ है कि खतरा लगातार बढ़ रहा है। वैज्ञानिक अध्ययनों से यह बात साफ हो चुकी है कि बढ़ता वैश्विक ताप और जलवायु परिवर्तन हिमनदों के पिघलने का मुख्य कारण है। इसका नतीजा न केवल विनाशकारी बाढ़ के रूप में देखने को मिल सकता है, बल्कि गंभीर जलसंकट जैसी स्थितियां भी पैदा हो सकती हैं।

**नरेंद्र मोदी के उभार के पहले तक बीजेपी की छवि ब्राह्मण-बनिया समुदायों की बुनियाद पर टिकी उत्तर भारतीय पार्टी की रही है। मोदी की राजनीतिक छाया में बीजेपी ने इस छवि को काफी हद तक तोड़ते हुए अखिल भारतीय राजनीतिक दल बन चुकी है। इसके बावजूद तमिलनाडु, केरल, पंजाब जैसे राज्यों में बीजेपी प्रभावी नहीं बन पाई है। इनमें भी तमिलनाडु पार्टी के लिए अब भी प्रश्न प्रदेश बना हुआ है। पूर्व अधिकारी और तेज-तर्रार नेता अन्नामलाई के आक्रामक अभियान के चलते राज्य में पिछले लोकसभा चुनाव में बीजेपी का समर्थक आधार दहाई के आंकड़े में पहुंच चुका है। बीते लोकसभा चुनाव में पार्टी को करीब साढ़े ग्यारह प्रतिशत और गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ करीब बीस प्रतिशत वोट मिला था। बीजेपी ही क्यों, राज्य में राजनीतिक और चुनावी कामयाबी हासिल करने वाले किसी भी दल के लिए इतना वोट नाकाफी है। शायद यही वजह है कि बीजेपी तमिलनाडु में अपना समर्थक आधार बढ़ाने के लिए प्रयोग-दर-प्रयोग कर रही है। सीपी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाना और उन्हें चुनाव जिताना उसी प्रयोग का विस्तार कहा जा सकता है।**

# दक्षिण का द्वार भेदने की राधाकृष्णन कोशिश

(उमेश चतुर्वेदी)

नरेंद्र मोदी के उभार के पहले तक बीजेपी की छवि ब्राह्मण-बनिया समुदायों की बुनियाद पर टिकी उत्तर भारतीय पार्टी की रही है। मोदी की राजनीतिक छाया में बीजेपी ने इस छवि को काफी हद तक तोड़ते हुए अखिल भारतीय राजनीतिक दल बन चुकी है।

जगदीप धनखड़ के औचक इस्तीफे से खाली हुए उपराष्टपति पद को नया चेहरा मिल गया है। दक्षिण बनाम दक्षिण की जंग में तमिलनाडु बीजेपी का चेहरा रहे सीपी राधाकृष्णन देश के नए उपराष्टपति होंगे। झारखंड की धरती से द्रौपदी मुर्मू की तरह उनका भी नाता रहा है। इस लिहाज से कह सकते हैं कि भगवान बिरसा मुंडा की धरती झारखंड के सर्वोच्च पद पर रही शख्सियतों के लिए सुनहरा दौर चल रहा है। झारखंड की राज्यपाल रहीं द्रौपदी मुर्मू देश के शीर्ष पर तीन साल पहले से ही काबिज हैं। देश के निर्वाचित उपराष्टपति सीपी राधाकृष्णन भी झारखंड के संवैधानिक प्रमुख के पद की शोभा बढ़ा चुके हैं। राधाकृष्णन तमिलनाडु की तीसरी शख्सियत हैं, जो उपराष्टपति पद पर पहुंचने में कामयाब हुए हैं। इसके पहले तमिलनाडु के सर्वपल्ली राधाकृष्णन और आर वेंकटरमण उपराष्टपति रह चुके हैं।

नरेंद्र मोदी के उभार के पहले तक बीजेपी की छवि ब्राह्मण-बनिया समुदायों की बुनियाद पर टिकी उत्तर भारतीय पार्टी की रही है। मोदी की राजनीतिक छाया में बीजेपी ने इस छवि को काफी हद तक तोड़ते हुए अखिल भारतीय राजनीतिक दल बन चुकी है। इसके बावजूद तमिलनाडु, केरल, पंजाब जैसे राज्यों में बीजेपी प्रभावी नहीं बन पाई है। इनमें भी तमिलनाडु पार्टी के लिए अब भी प्रश्न प्रदेश बना हुआ है। पूर्व अधिकारी और तेज-तर्रार नेता अन्नामलाई के आक्रामक अभियान के चलते राज्य में पिछले लोकसभा चुनाव में बीजेपी का समर्थक आधार दहाई के आंकड़े में पहुंच चुका है। बीते लोकसभा चुनाव में पार्टी को करीब साढ़े ग्यारह प्रतिशत और गठबंधन के सहयोगी दलों के साथ करीब बीस प्रतिशत वोट मिला था। बीजेपी ही क्यों, राज्य में राजनीतिक और चुनावी कामयाबी हासिल करने वाले किसी भी दल के लिए इतना वोट नाकाफी है। शायद यही वजह है कि बीजेपी तमिलनाडु में अपना समर्थक आधार बढ़ाने के लिए प्रयोग-दर-प्रयोग कर रही है। सीपी राधाकृष्णन को उपराष्टपति पद का उम्मीदवार बनाना और उन्हें चुनाव जिताना उसी प्रयोग का विस्तार कहा जा सकता है।

सीपी राधाकृष्णन के सामने उपराष्टपति के रूप में कुछ चुनौतियां जरूर रहेंगी। राधाकृष्णन कामचलाऊ हिंदी समझ तो लेते हैं, दो-एक लाइनें बोल भी लेते हैं। उपराष्टपति के रूप में राधाकृष्णन की जिम्मेदारी राज्यसभा की कार्यवाही चलाना होगी। राज्यसभा में ज्यादातर सांसद हिंदीभाषी हैं और वे अपनी बात हिंदी में ही रखते हैं, हंगामा भी हिंदी में करते हैं और बहसें भी हिंदी में ही करते हैं। राधाकृष्णन को इन पर पार पाने के लिए मेहनत करनी होगी। वैसे वे कहते रहे हैं कि राजनीति में अखिल भारतीय छवि बनाने के लिए हिंदी बोलना जरूरी है। वे तमिलनाडु की द्रविड़ राजनीति की तरह हिंदी के विरोधी नहीं है। वे हिंदी सीखना भी चाहते थे, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। अब उन्हें कामचलाऊ से कुछ ज्यादा हिंदी तो सीखनी ही पड़ेगी।

मोदी और शाह की जोड़ी ने तमिलनाडु को साधने के लिए रणनीतिक तौर पर खूब कोशिशें की हैं। संसद के नए भवन में तमिल राजदंड के प्रतीक सेंगोल की स्थापना हो या फिर वाराणसी में तमिल-काशी संगम का आयोजन हो, तमिल जनमानस तक मोदी और बीजेपी की बैठ बढ़ाने की कोशिश का ही प्रतीक है। अक्टूबर 2019 में चीन के राष्टपति शी जिनपिंग ने भारत का दौरा किया था। उस वक्त जिनपिंग का मोदी ने तमिलनाडु के खूबसूरत पर्यटक स्थल महाबलिपुरम में स्वागत किया था। यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल महाबलिपुरम तमिलनाडु के पल्लव राजवंश के दौरान विकसित भारतीय कला का प्रतीक है। इस मुलाकात को भी तमिलनाडु की जनता को साधने की बीजेपी और मोदी की कोशिश के रूप में देखा गया था। प्रधानमंत्री मोदी का अरियलूर जिले के गंगैकोंड चोलपुरम का दौरा हो या यहां के नजदीक स्थित बृहदीश्वर मंदिर में पूजा अर्चना हो, सबका संदेश एक ही है, तमिलनाडु के दिलों में अपनी पैठ बनाना। ध्यान देने की बात यह है कि तमिलनाडु का चोल राजवंश बहुत प्रभावी रहा है। ग्यारहवीं सदी से लेकर तेरहवीं सदी तक गंगैकोंड चोलपुरम् चोल वंश की राजधानी रहा।

सीपी राधाकृष्णन् तमिलनाडु में बीजेपी का बड़ा चेहरा रहे हैं। 1998 और 1999 में कोयंबटूर से बीजेपी के सांसद रहे सीपी राधाकृष्णन तमिलनाडु में तमिल मोदी के तौर पर भी प्रसिद्ध हैं। इस नाते तमिलनाडु कह सकता है कि

देश के शीर्ष पदों पर दो-दो मोदी हैं। राधाकृष्णन राज्य में पिछड़े वर्ग में शामिल गौंडर जाति से आते हैं। इस जाति का विस्तार विशेष रूप से तमिलनाडु के पश्चिमी इलाके में है। दिलचस्प यह है कि इस जाति के वोटर कन्नड़ ब्राह्मण महिला जे जयललिता की अन्नाद्रमुक मुनेत्र कषगम के समर्थक माने जाते हैं। यह बात और है कि अन्नाद्रमुक की अगुआई कर रहे ई पलानिसामी और बीजेपी के फायरब्रांड नेता अन्नामलाई भी इसी बिरादरी के हैं। इस लिहाज से देखें तो सीपी राधाकृष्णन को बीजेपी ने शीर्ष पर बैठाकर गौंडर समुदाय को साधने की कोशिश की है। यह एक तरह से अन्नाद्रमुक को भी संकेत है। सीपी राधाकृष्णन के वैसे तो राज्य के तकरीबन हर दल के शीर्ष नेतृत्व से बेहतर संबंध है, लेकिन वे अन्नाद्रमुक के बेहद करीबी रहे हैं। 2010 के विधानसभा चुनावों में अन्नाद्रमुक ने उन्हें पार्टी में शामिल होने और चुनाव लड़ने का खुला आमंत्रण दिया था। अगर वे शामिल होते और चुनाव लड़ते तो तमिल सत्ता में उनकी हिस्सेदारी तय थी। लेकिन राधाकृष्णन ने अपनी प्रतिबद्धता नहीं तोड़ी। बहरहाल राधाकृष्णन के उपराष्टपति बनने के बाद अन्नाद्रमुक को एक तरह से साथ आने का भी संदेश है। क्योंकि बीजेपी को भी आभास है कि तमिलनाडु की राजनीति में शीर्ष स्थान पर अकेले पहुंचना फिलहाल संभव नहीं है।

आजादी के बाद से ही तमिलनाडु की राजनीति में पिछड़ा और दलित समुदाय का प्रभुत्व रहा है। तमिलनाडु की राजनीति में अगड़ा समुदाय एक तरह से किनारे पर आजादी के बाद से ही है। चूंकि बीजेपी की राज्य में सवर्ण जातियों की उत्तर भारतीय पार्टी की छवि है। तमिलनाडु में बीजेपी के उभार की बड़ी बाधा यह वजह भी रही है। गौंडर समुदाय के राधाकृष्णन को उपराष्टपति बनाकर बीजेपी ने एक तरह से अपनी वह छवि तोड़ने की कोशिश की है। बेशक गौंडर समुदाय बहुत बड़ा नहीं है। लेकिन उसकी शख्सियत को देश के दूसरे सर्वोच्च पद पर पहुंचाकर मोदी-शाह की जोड़ी ने एक तरह राज्य के पिछड़े वर्ग के मतदाताओं को संकेत दिया है कि बीजेपी उनकी वैचारिकी और सोच का सम्मान करती है। वह सवर्ण नहीं, सर्व समाज की पार्टी है। निश्चित तौर पर आज भारतीय जनता पार्टी का उत्तर, पश्चिम और पूर्वी भारत में प्रभाव है। पारंपरिक और प्रचलित राजनीतिक नजरिए के लिहाज से वह उपराष्टपति के सम्मानित पद पर देश के इन इलाकों के अपने किसी प्रतिबद्ध और प्रतिष्ठित कार्यकर्ता को पहुंचा सकती थी। लेकिन उसने ऐसा न करके तमिलनाडु के अपने कार्यकर्ता पर विश्वास जताया। यहां यह भी ध्यान देने की बात है कि केरल की पिछली विधानसभा चुनाव के दौरान सीपी राधाकृष्णन केरल बीजेपी के प्रभारी थे। राधाकृष्णन जिस तिरूपुर इलाके से आते हैं और जिस कोयंबटूर के सांसद रहे हैं, वह केरल का नजदीकी है। इस लिहाज से मान सकते हैं कि बीजेपी ने उनके जरिए भगवान के अपने देश यानी केरल को भी साधने की कोशिश की है।

तमिलनाडु और केरल में अगले साल अप्रैल-मई में विधानसभा चुनाव होने हैं। कह सकते हैं कि इन राज्यों में विधानसभा चुनावों की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। तमिलनाडु में जिस गठबंधन के पास पैंतीस प्रतिशत वोट होगा, उसकी जीत सुनिश्चित है। पिछले आम चुनाव में अन्नाद्रमुक को करीब साढ़े बीस प्रतिशत वोट मिले थे। अन्नाद्रमुक के साथ राज्य में उसका गठबंधन बन चुका है। पिछले आम चुनाव में मिले दोनों को मिल वोट को जोड़ दें तो यह तकरीबन बत्तीस प्रतिशत पड़ता है। सीपी राधाकृष्णन के चेहरे के सहारे बीजेपी अपने गठबंधन के वोट प्रतिशत में पांच प्रतिशत की बढ़त करने की तैयारी में है। लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं।

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

# सादगी, ताक़त और आधुनिकता का संगम है मोदी के मंत्रियों की संपत्ति का ब्यौरा

(नीरज कुमार दुबे)

इसके विपरीत, कई मंत्रियों ने पुराने वाहन अपनी संपत्ति में शामिल किए हैं। नितिन गडकरी की 31 साल पुरानी एम्बेसडर कार, विरेंद्र कुमार का 37 साल पुराना स्कूटर और रवनीत बिट्टू की 1997 मॉडल की मारुति, ये सब केवल धातु के ढाँचे नहीं, बल्कि एक राजनीतिक संदेश हैं।

प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए मंत्रिपरिषद के सदस्यों की संपत्ति का विवरण जारी किया गया है। पहली नज़र में यह सूची केवल आभूषण, ज़मीन, गाड़ियाँ और निवेशों का ब्योरा लगती है, लेकिन गहराई से देखने पर यह भारतीय राजनीति की मानसिकता, सामाजिक प्रतीकवाद और सत्ता की शैली का आईना बन जाती है। सबसे पहले ध्यान आकर्षित करता है जयंत चौधरी का क्रिप्टो निवेश। वह अकेले मंत्री हैं जिन्होंने डिजिटल संपत्ति घोषित की है। उन्होंने करीब 43 लाख रुपये के बिटकॉइन जैसे निवेश किये हैं। यह उस समय में खास महत्व रखता है जब भारत में क्रिप्टो अब भी कानूनी अनिश्चितता में है और आरबीआई लगातार इससे जुड़े जोखिमों की चेतावनी देता रहा है। यह खुलासा दिखाता है कि नए दौर का नेतृत्व जोखिम लेने और नए वित्तीय प्रयोग करने से पीछे नहीं हट रहा।

इसके विपरीत, कई मंत्रियों ने पुराने वाहन अपनी संपत्ति में शामिल किए हैं। नितिन गडकरी की 31 साल पुरानी एम्बेसडर कार, विरेंद्र कुमार का 37 साल पुराना स्कूटर और रवनीत बिट्टू की 1997 मॉडल की मारुति, ये सब केवल धातु के ढाँचे नहीं, बल्कि एक राजनीतिक संदेश हैं। जनता को यह बताना कि नेता अब भी 'साधारण' हैं, विलासिता से दूर हैं और परंपरा को सँजोए हुए हैं। लेकिन इस सादगी के बीच एक और पैटर्न साफ़ झलकता है– हथियारों की मौजूदगी। रिवॉल्वर, पिस्तौल और राइफल घोषित करने वाले मंत्री कम नहीं हैं। यह उस सामाजिक और राजनीतिक संस्कृति को दर्शाता है जहाँ ताक़त का प्रदर्शन और व्यक्तिगत सुरक्षा सत्ता के साथ कदमताल करती है।

सबसे बड़ा हिस्सा, अपेक्षा के अनुसार सोने और आभूषणों का है। राव इंदरजीत सिंह के पास 1.2 करोड़ रुपये से अधिक का सोना और हीरे हैं, नितिन गडकरी व एल. मुरुगन के पास भी लाखों के आभूषण हैं। देखा जाये तो भारतीय समाज में आभूषण सदियों से आर्थिक सुरक्षा और सामाजिक प्रतिष्ठा दोनों का प्रतीक रहे हैं, मंत्रियों की संपत्ति भी इस परंपरा को दोहराती है।

मोदी सरकार में महिला मंत्रियों की बात करें तो वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के पास 27 लाख से अधिक के आभूषण, म्यूचुअल फंड में 19 लाख से ज्यादा और एक दोपहिया वाहन है। वहीं केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के पास भी रिवॉल्वर, राइफल, ट्रैक्टर और लगभग ?1 करोड़ के म्यूचुअल फंड हैं। महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर के पास डबल बैरल गन और रिवॉल्वर तथा 67 लाख से ज्यादा के सोने के आभूषण हैं।

देखा जाये तो इन संपत्तियों का सार्वजनिक खुलासा लोकतंत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही की कसौटी है। यह जनता को भरोसा दिलाने का प्रयास भी है कि नेता अपनी आर्थिक स्थिति छिपा नहीं रहे। लेकिन इन घोषणाओं का एक दूसरा पहलू भी है कि संपत्ति अब केवल निजी स्वामित्व नहीं, बल्कि राजनीतिक प्रतीक बन गई है।

बहरहाल, मोदी सरकार के मंत्रियों की घोषित संपत्तियाँ केवल रकम और वस्तुओं का हिसाब नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति की बदलती शैली का दस्तावेज़ हैं। यह दस्तावेज़ बताता है कि सत्ता में बैठे लोग जनता को साधारण, शक्तिशाली, पारंपरिक और आधुनिक, सभी रूपों में संदेश देना चाहते हैं। सवाल यह है कि क्या ये संदेश वास्तविक जीवन की सच्चाई हैं या केवल राजनीतिक छवि गढ़ने का प्रयास?(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# नेपाल के जेन जेड के साथ फिर बड़ा धोखा हो गया क्या?

(संतोष कुमार पाठक)

नेपाल की सड़कों पर उतर कर हंगामा करने वाले त्नद्गठ्ठ- प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांगों में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाना, राजनीतिक अव्यवस्था एवं भाई-भतीजावाद को खत्म करने के साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लगे प्रतिबंध को हटाना था।

नेपाल और नेपाल जैसे कई लोकतांत्रिक देशों में युवाओं के साथ लगातार छल होता रहा है। कई देशों में युवाओं ने सड़क पर उतर कर अपने साथ किए गए धोखे का जवाब भी देने की कोशिश की लेकिन विडंबना देखिए कि एक लंबी लड़ाई लड़ने के बावजूद भी युवाओं के हाथ अंत में खाली ही रह जाते हैं। नेपाल के ज्यादातर युवा आंदोलनकारी अपने आपको अब इसी स्थिति में महसूस कर रहे हैं।

हिंसा या हिंसक आंदोलन को किसी भी स्थिति में जायज नहीं ठहराया जा सकता। यह भी अपने आप में एक तथ्य है कि नेपाल में जिस तेजी से अचानक त्नद्गठ्ठ- युवा आक्रमक अंदाज में सड़कों पर उतर गए, उसमें किसी विदेशी ताकत के हाथ से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन यह भी यह स्थापित तथ्य है कि दुनिया का कोई भी देश किसी भी देश में गड़बड़ी तभी करा पाता है,जब उस देश में लोगों का असंतोष चरम पर पहुंच जाता है। नेपाल में उसी तरह के हालात बन गए थे,इससे भला कौन इनकार कर सकता है।

नेपाल की सड़कों पर उतर कर हंगामा करने वाले जेन जेड प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांगों में भ्रष्टाचार पर लगाम लगाना, राजनीतिक अव्यवस्था एवं भाई-भतीजावाद को खत्म करने के साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर लगे प्रतिबंध को हटाना था।

लेकिन सड़कों पर उतरे युवा एक सुर में कह रहे थे कि उन्होंने अपने देश में बुजुर्ग नेताओं से तंग आकर आंदोलन किया है।

नेपाली युवा एक सुर में सत्ता सुख भोग रहे या सत्ता सुख भोग चुके नेताओं को पूरी तरह से हटा देना चाहते थे। लेकिन क्या वाकई उनकी यह मंशा पूरी हुई ? नेपाल में शांति स्थापित करने के नाम पर पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को अंतरिम सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में सत्ता सौंप दी गई है।

आपको बता दें कि, 7 जून 1952 को जन्मी सुशीला कार्की, नेपाल के सर्वोच्च न्यायालय की प्रथम महिला मुख्य न्यायाधीश रह चुकी हैं। प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते ही, वह नेपाल की पहली महिला प्रधानमंत्री बन गई हैं। लेकिन बुजुर्ग नेताओं से त्रस्त नेपाल को शांति स्थापित करने के नाम पर 73 वर्ष की एक नई प्रधानमंत्री के हाथों में सौंप दिया गया है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल तो यही खड़ा हो रहा है कि क्या 73 वर्ष की सुशीला कार्की नेपाल के जेन-जेड प्रदर्शनकारियों के साथ न्याय कर पाएंगी? उनकी परेशानियों और दिक्कतों को समझ कर, दूर कर पाएंगी ? अगर सिर्फ चुनाव करा देना ही समस्या का समाधान होता तो नेपाली युवाओं को सड़कों पर क्यों उतरना पड़ता? यह भी ध्यान रखिएगा कि जो भी व्यक्ति (भले ही वह किसी भी पद पर रहा हो) सत्ता प्रतिष्ठान का हिस्सा रहा हो वो उस व्यवस्था में कभी भी बड़ा और व्यापक बदलाव नहीं ला सकता है।

सबसे बड़ी बात तो यह है कि इतने बड़े बवाल के बावजूद बुजुर्ग नेताओं के रवैए में कोई बड़ा बदलाव देखने को नहीं मिल रहा है। ये सब आज भी अपने-अपने राजनीतिक दलों पर कब्जा जमाए बैठे हैं और अभी से इन्होंने बदलाव का विरोध करना शुरू कर दिया है।

नेपाल के राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने शुक्रवार शाम को सुशीला कार्की को शीतल निवास में अंतरिम प्रधानमंत्री के तौर पर पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। राष्ट्रपति पौडेल ने संविधान के अनुच्छेद 61 के तहत कार्की को प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। 2015 में नए संविधान के लागू होने के बाद से सभी पिछली सरकारें अनुच्छेद 76 के तहत गठित हुई थीं लेकिन पहली बार अनुच्छेद 61 के तहत कार्की को नेपाल का प्रधानमंत्री बनाया गया है। राष्ट्रपति कार्यालय की तरफ से यह भी बताया गया है कि अंतरिम प्रधानमंत्री को छह महीने के भीतर देश में चुनाव कराने का निर्देश दिया गया है। गौर कीजिएगा, सुशीला कार्की के शपथ ग्रहण समारोह का नेपाल की संसद के दोनों सदनों के अध्यक्षों और सांसदों ने बहिष्कार किया। राष्टपति भवन से निमंत्रण मिलने पर भी प्रतिनिधि सभा के स्पीकर देवराज घिमिरे और राष्टीय सभा के अध्यक्ष नारायण दहल शपथ ग्रहण समरोह में नहीं पहुंचे। ध्यान रहे, घिमिरे केपी ओली की पार्टी के सांसद हैं जबकि दहल पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचण्ड की पार्टी के नेता है। नेपाल के राजनीतिक दल या दूसरे शब्दों में कहें तो नेपाल के बुजुर्ग नेता संसद भंग के फैसले का विरोध कर रहे हैं। ऐसे में अगर 6 महीने के भीतर जब भी चुनाव होंगे तो यही राजनीतिक दल और यही नेता तो लड़ेंगे। चुनाव में किसी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला तो यही बुजुर्ग नेता आपस में जोड़-तोड़ कर सरकार बनाएंगे और मिल कर नेपाल की जनता खासकर नेपाली त्नद्गठ्ठ- के सपनों को रौंदते रहेंगे। नेपाल के त्नद्गठ्ठ- ने नेताओं की संगठित लूट को फिर से देखने के लिए तो इतना बड़ा आंदोलन नहीं ही किया था।

सीतामढ़ी में पैदा होने के कारण, नेपाल और नेपाली लोगों से मेरा एक भावनात्मक लगाव भी है। राजा जनक का महल जनकपुर (नेपाल) में होने के कारण, हम मिथिला के लोग उसे अपना दूसरा घर भी मानते हैं। इसलिए, हमारी दिल से दुआ है कि नेपाल की नई अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की व्यवस्था बदलने के अपने मकसद में कामयाब हो सके। नेपाल में शांति और तरक्की, यह नेपाल के साथ-साथ भारत के हित में भी है।लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं।

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

## उत्तर बस्तर के 10 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया

# सेक्टर स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में पीजी कॉलेज कांकेर ने जीता खिताब

**भानुप्रतापपुर।** शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बार उत्तर बस्तर सेक्टर स्तरीय पुरूष कबड्डी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में उत्तर बस्तर के 10 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया, जिसमें पीजी कॉलेज कांकेर ने विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि केशकाल महाविद्यालय उपविजेता रहा। प्रतियोगिता का उद्घाटन जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रत्नेश सिंह और महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रश्मि सिंह ने दीप प्रज्ववलित कर किया। अपने संबोधन में प्राचार्या डॉ. रश्मि सिंह ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल केवल जीत-हार तक सीमित नहीं होते, बल्कि ये टीम भावना, अनुशासन और आत्मविश्वास का निर्माण करते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से सच्ची खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का आग्रह किया। मुख्य अतिथि रत्नेश सिंह ने इस आयोजन को भानुप्रतापपुर महाविद्यालय के लिए गौरव का क्षण बताया। उन्होंने कहा कि यह न केवल महाविद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए भी ऐतिहासिक है। सिंह ने कहा कि ऐसे खेल आयोजन खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करने का अवसर देते हैं। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे आयोजन निरंतर करते रहने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया ताकि अधिक से अधिक खिलाड़ी तैयार हो सकें और राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन कर सकें। एक दिवसीय इस प्रतियोगिता में दर्शकों को कई रोमांचक मैच देखने को मिला। फाइनल मुकाबला पीजी कॉलेज कांकेर और केशकाल महाविद्यालय के बीच खेला गया, जिसमें कांकेर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की और ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। समापन समारोह में भानुप्रतापपुर नगर पंचायत के उपाध्यक्ष गजानंद डड़सेना और वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद प्रतिनिधि निकेश ठाकुर ने विजेता और उपविजेता टीमों को मेडल और ट्रॉफी प्रदान किए। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष ने महाविद्यालय में ओपन जिम की मांग को पूरा करने की भी घोषणा की। विशेष पुरस्कार और सम्मान - प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी विशेष पुरस्कार दिए गए। केशकाल महाविद्यालय के खिलाड़ी बबलू को बेस्ट रेडर और पीजी कॉलेज कांकेर के खिलाड़ी चंद्रकांत को बेस्ट डिफेंडर का खिताब मिला। इस आयोजन को सफल बनाने में निर्णायक की भूमिका निभाने वाले टी.आर. सिंह, प्रशिक्षक, निवास साव व्यायाम शिक्षक और विशाल विश्वकर्मा, व्यायाम शिक्षक को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस आयोजन में जनभागीदारी समिति के दानदाता सदस्य राजीव लोचन ठाकुर और सतीश श्रीवास्तव द्वारा सभी विद्यार्थियों एवं अतिथियों के लिए निःशुल्क भोजन हेतु सामग्री उपलब्ध कराई गई।

# अबूझमाड़ बैडमिंटन लीग 2025-सीजन 2 का भव्य शुभारंभ

**नारायणपुर।** नारायणपुर पुलिस द्वारा आयोजित अबूझमाड़ बैडमिंटन लीग 2025 : सीज़न 2 का भव्य शुभारंभ ऑफिसर्स क्लब नारायणपुर में किया गया। यह आयोजन खेल भावना को प्रोत्साहित करने, युवाओं में ऊर्जा भरने और अबूझमाड़ क्षेत्र की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। इसके पश्चात् टी-शर्ट विमोचन एवं विजेता ट्रॉफी का अनावरण किया गया। विशेष क्षण तब आया जब मुख्य अतिथियों ने स्वयं बैडमिंटन रैकेट पकड़कर खेल भावना का परिचय दिया और दर्शकों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे जिनमें प्रमुख रूप से नारायण मरकाम अध्यक्ष जिला पंचायत नारायणपुर, प्रताप सिंह मंडावी उपाध्यक्ष जिला पंचायत नारायणपुर, इन्द्र प्रसाद बघेल अध्यक्ष नगर पालिका परिषद नारायणपुर, गौतम गोलछा भाजपा नेता, कामलोचन कश्यप डीआईजी, दंतेवाड़ा, प्रतिष्ठा मंमगाई कलेक्टर नारायणपुर, रॉबिन्सन गुरिया पुलिस अधीक्षक नारायणपुर, आकांशा खलखो मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नारायणपुर, संदीप पटेल कमांडेंट 16वीं बटालियन सीएएफ, नवल सिंह गुलिया कमांडेंट 135वीं बटालियन बीएसएफ, संजय कुमार कमांडेंट 53वीं बटालियन आईटीबीपी विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच डीआईजी कामलोचन कश्यप एवं आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल बनाम एसपी रॉबिन्सन गुरिया एवं आईपीएस अक्षय साबद्रा के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में डीआईजी कामलोचन कश्यप एवं आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल की जोड़ी विजयी रहीं। यह प्रतियोगिता 18 से 20 सितम्बर 2025 तक आयोजित की गई है जिसमें दो मुख्य वर्ग शामिल हैं ओपन मेन्स डबल्स, वेटरन्स (40+) मेन्स डबल्स। इस प्रतियोगिता के विजेताओं को कुल 1 लाख 55 हजार रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।प्रतियोगिता में नारायणपुर सहित आसपास के जिलों से आई टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले होंगे।

# सेवा पखवाड़ा ग्राम कच्चे में स्वच्छता एवं वृक्षारोपण

**भानुप्रतापपुर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा 2025 कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम कच्चे में स्थानीय तालाब और पचरी के आसपास पसरी गंदगी की सफाई की गई। साथ ही एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत अमरूद एवं आम के फलदार वृक्ष भी रोपे गए। ज्ञात हो कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक यह सेवा पखवाड़ा पूरे देश में संचालित हो रहा है। ग्राम कच्चे में आयोजित इस कार्यक्रम का नेतृत्व सेवा पखवाड़ा संयोजक एवं ग्रामवासी ज्वाला प्रसाद जैन ने किया। सरपंच कांति हिड़को की विशेष उपस्थिति में यह कार्य सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे, मंडल महामंत्री राजीव श्रीवास, मंडल महामंत्री गिरधारी नरेटी, सुभिक सरकार, विकास दास, रोशन जायसवाल, सागर चालकी, वागेश दास, साहिल, हेमंत साहू, छगन देवांगन, वीरेन्द्र सिंह सहित ग्राम गायता एवं पंचगण तथा बड़ी संख्या में युवा साथी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आयुष विभाग द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान संचालित

**नारायणपुर।** संचालनालय आयुष छत्तीसगढ़ के आदेशानुसार, जिला प्रशासन एवं जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में आयुष विभाग नारायणपुर द्वारा स्वस्थ देश की अवधारणा के साथ स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक संचालित किया जा रहा है। आयुष विभाग प्रतिदिन अलग अलग स्कूल कॉलेज स्तर पर स्वस्थ शिविर लगाकर जागरूकता अभियान आयोजित कर रहा है जिसमें प्रति दिन महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधित उपचार एवं जागरूकता के लिए विभिन्न विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष में शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज नारायणपुर में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ.बीना खोबरागड़े द्वारा छात्राओं को मासिक धर्म संबंधित समस्या बचाव,महावारी स्वच्छता,समग्र पोषण की जानकारी दी गई। महिलाओं के लिए शतावरी, अश्वगंधा, मुलेठी, एलोवेरा, ब्रहमी दशमूल ,तिल के उपयोग की जानकारी दी गई। योग प्रशिक्षक सरसमनी पटेल द्वारा शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य हेतु अलग अलग योगासन करके दिखाया गया। व्याख्याता के. सुमित्रा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाएं स्वस्थ होगी तभी समाज और परिवार सशक्त होंगे। महिलाओं को अपनी समस्या के प्रति जागरूक होना जरूरी है। कार्यक्रम में व्याख्याता सोनालिका सिंह ,चित्रा सोम, लैब टेक्नीशियन उषा देवांगन,गीता मांझी व समस्त छात्राओं के साथ आयुष विभाग के कर्मचारी टिम्पेश्वरी बेलसरिया, अर्चना नाग उपस्थित रहे।

# नमो युवा रन नशा मुक्त भारत अभियान में कोंडागांव से भागीदारी

**कोण्डागांव।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित नमो युवा रन नशा मुक्त भारत अभियान मैराथन में कोंडागांव जिले से शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोंडागांव के प्रतिभावान छात्र संजय कोर्राम एवं परमेश्वर मरकाम का चयन किया गया है। यह चयन महाविद्यालय एवं जिले के लिए गर्व का विषय है। आज दोनों छात्र महाविद्यालय परिवार की शुभकामनाओं के साथ रायपुर के लिए रवाना हुए। रायपुर में होने वाली इस राज्य स्तरीय दौड़ का उद्देश्य युवाओं में नशामुक्ति का संदेश फैलाना, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरला आत्राम ने छात्रों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा हमारे छात्र संजय कोर्राम एवं परमेश्वर का राज्य स्तरीय मैराथन हेतु चयन न केवल महाविद्यालय बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। इस प्रकार के आयोजन युवाओं को अनुशासन, आत्मविश्वास एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की प्रेरणा देते हैं। मुझे विश्वास है कि हमारे विद्यार्थी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और कोंडागांव का नाम रोशन करेंगे।क्रीड़ाधिकारी एच आर यदु ने दोनों छात्रों को बधाई देते हुए बताया कि छात्र संजय और परमेश्वर का चयन उनके स्वतंत्रता मैराथन दौड़ में परफॉर्मेंस के आधार पर हुआ है । इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के समस्त प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने भी दोनों प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

# भाजपा ने दिव्यांग बच्चों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया

**नारायणपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75 वां जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नारायणपुर के ग्राम पंचायत सुलेंगा में स्थित दिव्यांग बच्चों के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित नारायणपुर जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रताप सिंह मंडावी ने भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य बृजमोहन देवांगन एवं जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष रूप साय सलाम की उपस्थिति में दिव्यांग बच्चों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छायाचित्र पर तिलक लगाकर एवं केक काटकर जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर नारायणपुर जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रताप सिंह मंडावी ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के बीच राष्ट्र के प्रथम सेवक नरेंद्र मोदी जी का जन्मदिन मना कर हम सब अपने आप को गौरवांवित महसूस कर रहे हैं। दिव्यांग बच्चों के बीच आकर हमें बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला है। निश्चित रूप से हम सब इस जगह से सदैव जुड़े रहेंगे एवं समय-समय पर इन बच्चों की बेहतरी के लिए जो भी संभव हो सकेगा वह करने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर एक दिव्यांग बच्ची ने मोदी के छायाचित्र पर तिलक लगाकर केक वितरित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# भविष्य के वैज्ञानिकों का प्रेरक सफर-विज्ञान अनुसंधान यात्रा में शामिल हुई दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा की छात्राएं

**किरंदुल।** शिक्षा जगत में एक नई पहल स्कूली छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करने के लिए राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में विज्ञान अनुसंधान यात्रा का आयोजन 13 सितंबर से 18 सितंबर तक किया गया। जिसमें राज्य के विभिन्न जिले से विज्ञान क्विज द्वारा 54 विजेता छात्राओं एवं 9 जोन प्रभारी शिक्षिकाएं शामिल किया गया। दंतेवाड़ा जोन प्रभारी हेमलता सिन्हा शिक्षिका सेजेस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोडेनार क्रमांक 2 ने बताया कि दंतेवाड़ा जोन से दंतेवाड़ा,बीजापुर व सुकमा जिले की छात्राएं अनुसंधान यात्राओं में शामिल रहीं।दंतेवाड़ा से भावना भंडारी सेजेस (हिंदी) कोडेनार क्रमांक-02,अंतरा कश्यप सेजेस कुआकोंडा, बीजापुर से प्रेक्षा अय्यर व गायत्री पाल सेजेस बीजापुर, मिसबा पीएमश्री सेजेस कोन्टा से शामिल रही। यात्रा का प्रारंभ डॉक्टर सपन कर्मकार महानिदेशक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रीजनल साइंस सेंटर रायपुर ने किया। पांच दिवसीय इस शैक्षिक यात्रा में छात्राओं ने कोलकाता स्थित बिरला प्लैनेटेरियम, साइंस सिटी, एस एन बोस इंस्टीट्यूट आफ बेसिक साइंस और साहा इंस्टीट्यूट ऑफ़ न्यूक्लियर फिजिक्स का भ्रमण किया यहां उन्होंने रमन प्रभाव, इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी, परम शून्य ताप पर हीलियम का द्रवीकरण, डीएनए की संरचना, रडार प्रणाली, परम रूद्रा सुपर कंप्यूटर और नासा के अंतरिक्ष अभियानों और नासा द्वारा भेजे गए मानव रहित यान वाइजर द्वारा ग्रहण का अध्ययन पर बनी संक्षिप्त फिल्म और विभिन्न भौतिक प्रदर्शनी पर जानकारी प्राप्त की।

## बोधनी देवी फार्मेसी डिप्लोमा कॉलेज जगदलपुर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा

**किरंदुल।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई द्वारा डी.फार्मेसी द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमे बोधनी देवी फार्मेसी डिप्लोमा कॉलेज जगदलपुर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बोधनी देवी फार्मेसी डिप्लोमा कॉलेज जगदलपुर से प्रथम स्थान पर आदित्य सिंह राठौर 84.90 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर वेदिका सुनानी 84.45 प्रतिशत और संस्कृति वर्मा 84.45 प्रतिशत, और योगेश्वरी ठाकुर 83.72 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रहीं।इसी के साथ चांदनी पुनेम 83 प्रतिशत, प्रिया देवांगन 82.81 प्रतिशत, विशाल सेठिया 82.72 प्रतिशत,डिगेन्द्री सेठिया 82.18 प्रतिशत, धौम्य नेताम 82.09 प्रतिशत,सुमन नेताम 80.54 प्रतिशत, रोहित श्रीवास 80.45 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण हुए।संस्था के डायरेक्टर एकांत चंद्राकर ने उत्कृष्ट परीक्षाफल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान किए। प्राचार्य अरविन्द कुमार,चंद्रभान साहू,हार्दिक जोशी और समीर पटेल ने भी शुभकामनाएं के साथ परिणाम की प्रशंसा की।

# अलवरखुर्द में पोषण पखवाड़ा एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**भानुप्रतापपुर।** ग्राम अलवर खुर्द में पोषण पखवाड़ा एवं स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी की मंडल मंत्री कौशल्या उइके की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अपने उद्गार में उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की एक क्रांतिकारी पहल है। इसके माध्यम से माताओं और बहनों को सम्मान, सुरक्षा और सुविधा मिल रही है। जब नारी मजबूत होगी, तभी परिवार मजबूत होगा और परिवार के मजबूत होने से समाज और देश प्रगति की ओर बढ़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव महिला सशक्तिकरण और जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर प्रतिबद्ध रही है। हमें संगठन को मजबूत बनाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पों को गांव-गांव तक पहुँचाना है। स्वस्थ समाज और सशक्त संगठन ही भविष्य के सशक्त भारत की नींव हैं। स्वास्थ्य शिविर के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं और पुरुषों का ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन आदि की जांच की गई। डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों ने संतुलित आहार एवं नियमित स्वास्थ्य जाँच की आवश्यकता बताई। महिलाओं को विशेषकर आयरन, कैल्शियम और पोषण युक्त आहार लेने की जानकारी दी गई। बच्चों के पोषण पर भी विशेष ध्यान दिया गया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं मितानिन बहनों ने बच्चों के लिए हरी सब्ज़ियाँ, दालें, अंडा, दूध, अनाज आदि संतुलित आहार की उपयोगिता समझाई। साथ ही कुपोषण से बचाव और नियमित टीकाकरण पर मार्गदर्शन दिया गया। इसी क्रम में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत सभी उपस्थित जनों ने मिलकर वृक्षारोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। यह वृक्षारोपण ग्रामवासियों के लिए प्रकृति और संस्कृति दोनों का संदेश बना।

**कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रही महिलाएँ :** कौशल्या उइके, गीता, जयंती, कंचन, शशि, कला, रमेली (नर्स एवं मितानिन), इंद्रा (आंगनवाड़ी कार्यकर्ता), संगीता, निर्मला, रानी, ललिता, ममता, उर्मिला, सरोजिनी एवं अन्य ग्रामीण बहनें।

# बीजापुर में लाल पानी के खिलाफ हल्ला बोल : विधायक विक्रम मंडावी के नेतृत्व में ऐतिहासिक पदयात्रा, राज्यपाल के नाम सौंपा गया ज्ञापन

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में एनएमडीसी की लौह अयस्क खदानों से निकलने वाले लाल पानी की समस्या ने 45 से अधिक गांवों की जिंदगी को संकट में डाल दिया है। इस गंभीर मुद्दे को लेकर बीजापुर के विधायक विक्रम मंडावी के नेतृत्व में ग्राम हिरोली से बीजापुर तक 30 किलोमीटर की दो दिवसीय पदयात्रा शुक्रवार को जिला मुख्यालय पहुंची। इस दौरान हजारों ग्रामीणों ने एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की और राज्यपाल के नाम कलेक्टर को मांगों का ज्ञापन सौंपा।

पदयात्रा के समापन पर आयोजित सभा में विधायक विक्रम मंडावी ने जिले के तमाम कांग्रेस नेताओं के साथ मिलकर प्रभावित ग्रामीणों की पीड़ा को सामने रखा। उन्होंने कहा, एनएमडीसी की खदानों से निकलने वाला लाल पानी हमारी नदियों, नालों और तालाबों को दूषित कर रहा है। पीने का पानी जहरीला हो रहा है, जिससे पेट की बीमारियां, त्वचा रोग, और किडनी की समस्याएं बढ़ रही हैं। बच्चे, युवा, बुजुर्ग और महिलाएं सभी प्रभावित हैं। खेती की जमीन बंजर हो रही है, और हर साल पशु इस जहरीले पानी के कारण मर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि ग्रामीणों की बार-बार की गुहार के बावजूद सरकार और एनएमडीसी प्रबंधन ने कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया। इसीलिए, 45 गांवों के लोगों ने एकजुट होकर यह ऐतिहासिक पदयात्रा निकाली, ताकि उनकी आवाज राज्यपाल तक पहुंचे और लाल पानी की समस्या का स्थायी समाधान निकाला जा सके। विधायक मंडावी ने अपने संबोधन में केवल लाल पानी की समस्या तक सीमित नहीं रहे।

उन्होंने बीजापुर जिले की अन्य ज्वलंत समस्याओं को भी उठायाः जिसमें नेशनल पार्क क्षेत्र में पीढ़ियों से रह रहे लोगों को जबरन विस्थापित करने की कोशिश की जा रही है, जिसका पुरजोर विरोध किया गया। जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र के बहुमूल्य खनिज कोरंडम खदान को बेचने सरकार की साजिश करार दिया। उन्होंने आगे कहा छत्तीसगढ़ की नदियों से रेत का अवैध उत्खनन कर तेलंगाना और महाराष्ट्र के रेत माफियाओं को बेचा जा रहा है, जिस पर तत्काल रोक की मांग की है, उन्होंने कहा आदिवासियों की जमीनों को लालच देकर और गुमराह कर उद्योगपतियों को बेचने का गोरखधंधा चल रहा है, जिसे रोकने की मांग विधायक विक्रम मंडावी ने किया है। जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर के बैनर तले सौंपे गए ज्ञापन में कई अहम मांगें शामिल की गई हैं। सभा में जिला पंचायत सुकमा के पूर्व अध्यक्ष हरीश कवासी, लालू राठौर अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर, नीना रावलिया उद्दे महामंत्री छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी, शंकर कुडियम पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत बीजापुर, कमलेश कारम पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत बीजापुर, बसंत राव ताटी पूर्व सदस्य जिला पंचायत बीजापुर, सोमारू कश्यप पूर्व सदस्य जिला पंचायत बीजापुर, लच्चू राम मौर्य सदस्य जिला पंचायत बीजापुर, श्रीमती पार्वती कश्यप पूर्व सदस्य जिला पंचायत बीजापुर, सरिता चापा पूर्व सदस्य जिला पंचायत बीजापुर, सोनू पोटाम अध्यक्ष जनपद पंचायत बीजापुर, संत कुमारी मंडावी पूर्व सदस्य जिला पंचायत बीजापुर, बेनूहर रावलिया पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बीजापुर, वेणुगोपाल राव, पुरूषोत्तम खत्री, अरूण वासम, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं जिलेभर से आए हुए ग्रामीण जन उपस्थित रहे।।

# नियद नेल्लानार योजना अंतर्गत ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान

**सुकमा।** ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान और उन्हें शासन की योजनाओं से सीधे जोड़ने के उददेश्य से 15 से 18 सितम्बर तक मरईगुड़ा वन सेक्टर में विशेष जनसमस्या निवारण शिविर का सफल आयोजन किया गया। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में सिंगाराम, कन्हईगुड़ा, क्रिस्टाराम, बंडा, पोटकपल्ली, मरईगुड़ा, गोलापल्ली और किंदेलपाड़ सहित आसपास के गांवों के सैकड़ों ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचे। शिविर में सभी विभागों के अधिकारी पोटाकेबीन मरईगुड़ा में स्टॉल लगाकर उपस्थित रहे, जिससे ग्रामीणों को अपनी समस्याएं और आवेदन सीधे विभागीय अधिकारियों तक पहुंचाने का अवसर मिला। जनपद सीईओ कोंटा गिरीश निंबालकर ने बताया कि शिविर में कुल 1335 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 959 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया। शेष आवेदनों को संबंधित विभागों को भेजकर गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने की प्रक्रिया जारी है। इनमें से जन्म प्रमाण पत्र हेतु 373, वन अधिकार पत्र हेतु 200 तथा आधार कार्ड हेतु 112 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका त्वरित निराकरण किया गया। इसके अलावा ग्रामीणों ने आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, वोटर आईडी, श्रम कार्ड, पेंशन योजना, निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच सह उपचार एवं जनधन खाता जैसे विभिन्न योजनाओं के लिए भी आवेदन प्रस्तुत किए। ग्रामीणों ने इस शिविर की सराहना करते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा घर-गांव के पास ही सभी विभागों को लाकर सेवा देना वास्तव में सराहनीय कदम है। इससे उन्हें बार-बार दफ्तरों के चक्कर लगाने से राहत मिली और शासन की योजनाओं का लाभ सहज रूप से मिल सका।

## संक्षिप्त समाचार

### तिल्दा में नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ की वार्षिक बैठक संपन्न

**अंबिकापुर**/नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ की वार्षिक बैठक आज तिल्दा में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने की। बैठक में प्रदेश के 19 जिलों के अध्यक्ष व सचिव समेत पदाधिकारीयों ने हिस्सा लिया और एसोसिएशन के कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राजेश प्रताप सिंह ने कहा कि नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ ने राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन किया है। लगातार प्रदेश की टीमें राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर रही हैं और आगामी सत्रों में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जाएगा। आने वाले दिनों में सरगुजा जिले में नेटबॉल की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। बैठक के दौरान महासचिव राजेश राठौर ने आगामी वर्ष की रूपरेखा और बजट प्रस्तुत किया। इस अवसर पर नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफसरगुजा के सचिव रजत सिंह, खुशबू गुप्ता सहित संघ के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### जादू-टोना के शक में बेटे ने की कुल्हाड़ी से मारकर मां की हत्या

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले के चकरभाठा थाना क्षेत्र के सरवानी गाँव में एक व्यक्ति ने जादू-टोना के अंधविश्वास में अपनी ही माँ की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जाँच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार सरवानी गाँव का रहने वाला विष्णु केवट अपने बच्चों की लगातार बिगड़ती तबीयत से परेशान था। उसने इस समस्या का समाधान खोजने के लिए एक तांत्रिक का सहारा लिया। तांत्रिक ने उसे बताया कि बच्चों की बीमारी का कारण उसकी माँ द्वारा किया गया जादू-टोना है। तांत्रिक की बातों में आकर और अंधविश्वास से ग्रस्त होकर विष्णु ने एक धारदार कुल्हाड़ी से अपनी माँ को मौत के घाट उतार दिया। हत्या करने के बाद, वह खुद ही कुल्हाड़ी लेकर चकरभाठा थाने पहुँचा और पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उसने पुलिस को बताया कि उसकी माँ के जादू-टोना के कारण ही उसके बच्चे बीमार रहते थे, और बार-बार समझाने पर भी जब वह नहीं मानी तो उसने गुस्से में आकर यह कदम उठाया। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नवरात्रि पर मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए बड़ी खुशखबरी

**बिलासपुर।** इस शारदीय नवरात्रि माँ बम्लेश्वरी के दर्शन करने डोंगरगढ़ जाने वाले श्रद्धालुओं को रेलवे ने बड़ी सौगात दी है। इस बार यात्रियों की सुविधा को देखते हुए कई एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों में अस्थायी ठहराव की व्यवस्था की गई है।हर साल की तरह इस साल भी 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक डोंगरगढ़ में भव्य नवरात्रि मेला लगेगा। इस दौरान लाखों की संख्या में श्रद्धालु माँ बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए पहुँचते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने 10 एक्सप्रेस ट्रेनों को डोंगरगढ़ स्टेशन पर अस्थायी स्टॉपेज दिया है। इनमें बिलासपुर से लेकर बीकानेर, चेन्नई, पुणे और सिकंदराबाद तक जाने वाली गाडियाँ शामिल हैं।रेलवे प्रशासन ने डोंगरगढ़-दुर्ग-डोंगरगढ़ के बीच मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन भी चलाने का फैसला किया है, ताकि स्थानीय यात्रियों और श्रद्धालुओं को अतिरिक्त सुविधा मिल सके। इसके साथ ही कुछ पैसेंजर ट्रेनों को डोंगरगढ़ और रायपुर तक अस्थायी रूप से विस्तारित किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि नवरात्रि के दौरान यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। इससे यात्रियों को न केवल यात्रा में आसानी होगी बल्कि उन्हें समय की भी बचत होगी।रेलवे ने अपील की है कि श्रद्धालु अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाएं और रेलवे की वेबसाइट या स्टेशन से ट्रेन की जानकारी जरूर लें।इस तरह नवरात्रि पर्व के अवसर पर रेलवे की यह विशेष व्यवस्था माँ बम्लेश्वरी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है। रेलवे प्रशासन ने कहा है कि श्रद्धालुओं की सुविधा हमारी पहली प्राथमिकता है और उनकी यात्रा सुरक्षित और आसान बनाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए गए हैं।

## पदोन्नत हुए प्राचार्यों का सम्मान समारोह आयोजित

# संघर्ष व गौरव का किया सम्मान टीचर्स एसोसिएशन ने संघर्ष,धैर्य और समपर्ण का स्वर्णिम अध्याय है शिक्षाकर्मियों की जीवटता-कमलेश.....

**अम्बिकापुर।** छग टीचर्स एसोसिएशन सरगुजा द्वारा जिले के नवनियुक्त पदोन्नत प्राचार्यों का सम्मान समारोह शनिवार को लाइवलीहुड कॉलेज सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएमसी सरगुजा रविशंकर तिवारी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी लुंड्रा मनोज वर्मा एवं मैनपाट योगेश शाही उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन से हुई। जिलाध्यक्ष कमलेश सिंह ने स्वागत भाषण दिया । कमलेश सिंह ने कहा कि आज का यह अवसर केवल सम्मान समारोह नहीं, बल्कि संघर्ष , धैर्य और समपर्ण की कहानी का स्वर्णिम अध्याय है । आज इसी त्याग व तपस्या का प्रतिफल है प्राचार्य पदोन्नति व शिक्षकों की नियमित भर्ती । इसके उपरांत अतिथियों ने नवनियुक्त

प्राचार्यों का तिलक व शाल-श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। सुनील सिंह ने संघर्षों को याद करते हुए कहा कि शुरुआती दौर में एक अलग ही जुनून था,संघर्ष के आगे हम भूख प्यास सब भूल जाते थे. हमने जमीनी संघर्ष के बदौलत यह उपलब्धि पाई है। यह सम्मान उसी संघर्षशीलता का सम्मान है. हरेंद्र सिंह ने सभी पदोन्नत प्राचार्यो को शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा कर्मी से प्राचार्य तक की यात्रा में संघ की भूमिका को रेखांकित किया और कहा कि हम अपने साथियों का सहयोग और सम्मान हमेशा करें। जिस पीड़ा से हम गुजरे हैं वैसा हमारे साथी महसूस ना करें। हम एकजुटता के साथ संघर्ष व सहयोग की बदौलत आज प्राचार्य पद तक पहुचें है । हमें अपने अनुभव,योग्यता, अनुशासन शीलता,धैर्यता और सम्वेदनशीलता का समुचित उपयोग कर शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐसी पहचान बनानी है जिसे पीढ़ियों तक याद रखा जा सके. बीईओ लुंड्रा श्री मनोज वर्मा ने आंदोलन के दिनों को याद करते हुए संगठन की एकता को मजबूती देने की अपील की। मुख्य अतिथि डीएमसी रविशंकर तिवारी ने सभी पदोन्नत प्राचार्यो को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी व शिक्षा गुणवत्ता बढाने हेतु प्रमुख भागीदार बनने का आह्वाहन किया. श्री रविशंकर पांडे ने पदोन्नति में संगठन की भूमिका तथा नए दायित्वबोध के साथ कार्य करने की जरूरत बताई. इस अवसर पर 36 नव पदोन्नत प्राचार्यो का सम्मान किया गया। जिसमें सीतापुर से श्रीमती जमीला निकुंज .श्री विनोद कुमार गुप्ता बतौली से विनीत कुमार पाल ,राजेश कुमार गुप्ता, रविन्द्र पैंकरा, श्रीमती शोभा सिंह, श्रीमती चंद्रकांती भगत लुंड्रा से जगरनाथ टोप्पो ,श्रीमती जुलेता टोप्पो उदयपुर से जयपाल एक्का कोरनेलियुस तिग्गा अम्बिकापुर से हरेंद्र कुमार सिंह,सुनील कुमार सिंह,रविशंकर पांडेय, अनिता दान, जयश्री नायर, वर्षा सिंह ,विनय शंकर गुप्ता ,अरुण कुमार तिवारी ,ममता जायसवाल , आराधना जायसवाल ,गीता ठाकुर , रविशंकर पांडेय, पूनम दुबे , विगन राम पैंकरा , फुलजेन्स किस्पोट्टा ,शिरीष कुमार नंदे, सतीश कुमार सिन्हा , शिवकुमारी सिंह , लीना थॉमस ,अजीत कुमार सिंह , नीरज शुक्ला,नन्द किशोर गुप्ता, अमरदीप गुप्ता , ताईरका दानी खलखो, मार्गरेट लकड़ा , संजीव कुमार सिंह, तनवीर अहमद।

## सेवा पखवाड़ा अंतर्गत मिनी मैराथन का आयोजन,नशा मुक्ति का लिया संकल्प...

■ सरगुजा सांसद एवं महापौर ने मैराथन दौड़ को दिखाई हरी झंडी

**अम्बिकापुर।** सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान थीम पर जन-जागरूकता हेतु आज मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ को सांसद श्री चिंतामणि महाराज एवं नगर पालिक निगम महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने लरंग साय चौक से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मिनी मैराथन प्रतापपुर चौक होते हुए गांधी स्टेडियम में संपन्न हुई। स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्री चिंतामणि महाराज ने कहा कि नशा विनाश की जड़ है, यह न केवल व्यक्ति बल्कि परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। सामूहिक प्रयासों से ही नशा मुक्त समाज का निर्माण संभव है। महापौर श्रीमती भगत ने कहा कि नशा शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी घातक है। इसके कारण सड़क दुर्घटनाएं, अपराध और पारिवारिक विवाद बढ़ते हैं, इसलिए जन-जागरूकता फैलाना आवश्यक है। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक व्ही.के. उके ने नशा मुक्ति से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विभिन्न स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी, गणमान्य नागरिक, पुलिस विभाग तथा जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम में तहसीलदार अंबिकापुर उमेश्वर बाज, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक रामकुमार सिंह, शिक्षक-प्राध्यापक, व्यायाम शिक्षक एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन उप संचालक श्री व्ही.के. उके द्वारा किया गया।

## सरस्वती महाविद्यालय में तेरापंथ युवक परिषद, अणुव्रत समिति और सरस्वती महाविद्यालय मे संयुक्त तत्वावधान मे रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ

**अंबिकापुर।** इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमति प्रतिमा त्रिपाठी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मामोल कोचेटा दीदी युवक परिषद के पूर्व अध्यक्ष पवन कोठारी अणुव्रत समिति के मंत्री महेन्द्र बोथरा उपस्थित रहे। जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक अंबिकापुर से डॉ. अमित राज, श्रीमती सुमन यादव जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक टेक्नीशियन उपस्थित रहे।सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुरुआत मां सरस्वती के छाया प्रति के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ से किया गया। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य श्री ऋषि सिंह द्वारा छात्र छात्राओं को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके पश्चात श्रीमती सुमन यादव ने

अपने वक्तव्य में कहा कि नियमित रक्तदान से शरीर में नया रक्त बनने की प्रक्रिया तेज़ होती है, जिससे रक्त शुद्ध और ताज़ा रहता है। खून में आयरन का स्तर संतुलित रहता है, जिससे हृदय रोग और लिवर संबंधी बीमारियों का खतरा कम होता है। डॉ.अमित राज ने वक्तव्य में कहा कि कुछ रिसर्च में पाया गया है कि रक्तदान से हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज़ का जोखिम घट सकता है। हर बार रक्तदान से लगभग 600-650 कैलोरी खर्च होती है। रक्तदान से पहले ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, हार्टबीट, संक्रमण आदि की जांच होती है, जिससे व्यक्ति को अपनी सेहत की जानकारी मिलती है। किसी की जान बचाने का सुख और आत्मसंतोष बहुत सकारात्मक ऊर्जा देता है। जिससे छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया। जिससे महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा 25 यूनिट रक्तदान कराया गया ।

## पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल के आश्वासन उपरांत पंचायत सचिव संघ का 3 अक्टूबर तक काम बंद कलम बंद हड़ताल स्थगित...

■ छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ सरगुजा ने प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी को हटाये जाने मुख्यमंत्री के नाम पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल को सौंपा ज्ञापन

**अंबिकापुर**/सरगुजा जिले के अंबिकापुर जनपद पंचायत कार्यालय में पदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर एस सेंगर के अभद्र व्यवहार और अन्याय के खिलाफ पंचायत सचिव संघ ने मोर्चा खोल दिया है। अंबिकापुर जनपद पंचायत कार्यालय के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी को हटाए जाने को लेकर छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ ने 21 सितंबर दिन रविवार के दोपहर लगभग 12 बजे लखनपुर मंत्री निवास पहुंच मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल को ज्ञापन सोपा है। वहीं पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल के आश्वासन के बाद पंचायत सचिव संघ ने काम बंद कलम बंद हड़ताल को 3 अक्टूबर तक स्थगित कर दिया गया है। अंबिकापुर जनपद पंचायत कार्यालय के प्रभारी मुख्य कार्य अधिकारी आर एस सेंगर द्वारा पंचायत सचिव, रोजगार सहायकों, सरपंचों और उप अभियंताओं के साथ अभद्रतापूर्ण व्यवहार अवैध उगाही और प्रताड़ना से तंग आकर छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ के द्वारा विगत दिनों पूर्व सरगुजा कलेक्टर को ज्ञापन सौंप अंबिकापुर प्रभारी सीईओ को हटाए जाने की मांग की गई थी। प्रभारी सीईओ को नहीं हटाए जाने पर 22 सितंबर दिन सोमवार से पंचायत सचिवों के द्वारा काम बंद कलम बंद अनिश्चित

कालीन हड़ताल प्रारंभ होना है।तो वहीं छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र सिंह पैकरा और जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता के नेतृत्व में पंचायत सचिव संघ के पदाधिकारी व सदस्य 21 सितंबर दिन रविवार की दोपहर लगभग 12 बजे लखनपुर मंत्री निवास पहुंच पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल से मुलाकात करते हुए अंबिकापुर जनपद कार्यालय के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के हिटलर शाही रवैया के संबंध में अवगत कराते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नाम ज्ञापन सौंप प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अंबिकापुर आर एस सेंगर को हटाए जाने की मांग की गई है। पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने दशहरा पर्व तक प्रभारी सीईओ को हटाए जाने हेतु पंचायत सचिवों को आश्वासन दिया है। पर्यटन मंत्री के आश्वासन के बाद 22 सितंबर से होने काम बंद कलम बंद अनिश्चितकालीन हड़ताल को छत्तीसगढ़ पंचायत सचिव संघ का काम बंद कलम बंद हड़ताल 3 अक्टूबर तक स्थगित कर दिया गया है।

## एन एस सी वायी ने उपमुख्यमंत्री का पुतला फूंका

**अंबिकापुर।** खेल विभाग में व्यापक भ्रष्टाचार और नकली डिग्री मामले को उजागर करने वाले युवा कांग्रेस और हृस्ढु पदाधिकारियों के विरुद्ध अपराध दर्ज करने के खिलाफ आज युवा कांग्रेस और हृस्ढु सरगुजा ने घड़ी चौक पर संयुक्त रूप से प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन किया है। युवा कांग्रेस के भावेश शुक्ला ने बस्तर ओलंपिक में करोड़ों रुपए के ट्रैकसूट घोटाले को उजागर किया, जबकि हृस्ढु रायपुर इकाई के जिलाध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी ने नकली मार्कशीट बनाने वाले गिरोह का पर्दाफश किया था। बजाय दोषियों पर कार्यवाही करने के प्रदेश सरकार ने कांग्रेस के युवा और छात्र प्रकोष्ठ के इन पदाधिकारियों के विरुद्ध अपराध कायम करा दिया। इसके विरोध में आज युवा कांग्रेस और हृस्ढु ने प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर संयुक्त रूप से पुतला दहन किया। इस दौरान युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विकल झा ने कहा कि प्रदेश की सरकार प्रशासनिक अधिकारियों को आगे कर जायज मांगों का दमन कर रही है। प्रदेश सरकार का यह कदम उन घोटालेबाजों का संरक्षण है जिनके सूत्र भाजपा से जुड़े हुए हैं। हृस्ढु जिलाध्यक्ष आशीष जायसवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार तानाशाही रवैया अपनाये हुए है। सरकार को युवा कांग्रेस और हृस्ढु पदाधिकारियों पर दर्ज झूठे मामले को वापस लेना होगा अन्यथा हम उग्र आंदोलन करेंगे। घड़ी चौक पर पुतला दहन के पूर्व राजीव भवन से रैली निकली गई थी। इसमें कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, हिमांशु जायसवाल, विष्णु सिहदेव, आलोक सोह, गुरुप्रीत सिद्धू, नीतीश चौरसिया, राजनोश सिंह, सतीश बारी, ठुह्महृद्ध के विश्वविद्यालय अध्यक्ष सुरेंद्र गुप्ता, अवनेंद्र सिंह, गौतम गुप्ता, धीरज जायसवाल, अंकित जायसवाल, ऋषभ जायसवाल, ऋषिकेश मिश्रा, राधे अग्रवाल, आकाश यादव, अतुल यादव,अनमोल गोस्वामी, अंकित एक्का, अभिनव काशी, योगराज कुशवाहा, सतीश घोष, रोहन, साहिल, संजर नब्ज, आयुष सोनी, सागर सोह, आकाश जायसवाल, अरशद अंसारी, रोलर सिंह, सुजीत ,सुनील, गोविंद राम, अंशु आदि मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजनांतर्गत मिलेगी सब्सिडी,आसान किस्तों में बैंक ऋण की सुविधा........

■ सौर ऊर्जा से रोशन हुए घर, अब उपभोक्ता बन रहे बिजली के विक्रेता

**अम्बिकापुर।** बदलते समय के साथ अब बिजली उपभोक्ता केवल बिजली खर्च करने वाले नहीं रह गए हैं, बल्कि स्मार्ट बिजली उपभोक्ता बनकर ऊर्जा उत्पादन और बचत में भी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं और आधुनिक तकनीक के जरिए लोग सस्ती, सहज और स्वच्छ बिजली का लाभ उठा रहे हैं और अतिरिक्त बिजली बेचकर आमदनी भी कमा रहे हैं। अम्बिकापुर के गंगापुर निवासी श्री सुरेंद्र शुक्ला इस योजना के सफल लाभार्थी हैं। पहले उनके घर का मासिक बिजली बिल 4 से 5 हजार रुपये तक आता था। प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना की जानकारी मिलने पर उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक से 6 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण लेकर आसान किस्तों में 6 किलोवाट का सोलर रूफटॉप पैनल लगवाया। श्री शुक्ला ने बताया कि पैनल लगने के बाद उनका बिजली बिल शून्य हो गया। अब उनके घर की सारी दिनचर्या सूर्य की ऊर्जा से चलती है। घर में लगाए गए स्मार्ट मीटर और 'मोर बिजली' एप से उन्हें वास्तविक समय में पता चलता है कि कितनी बिजली उत्पन्न हुई और कितनी खपत हुई। साथ ही, अतिरिक्त बिजली वे विद्युत विभाग को बेचकर आमदनी भी कमा रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय

के सुशासन में छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना के तहत उपभोक्ताओं को डबल सब्सिडी का लाभ दिया जा रहा है। इसमें 1 किलोवाट सोलर पैनल पर केंद्र सरकार 30,000 रुपए एवं राज्य सरकार 15,000 रुपए कुल 45,000 रुपए, 2 किलोवाट सोलर पैनल पर केंद्र सरकार 60,000 रुपए एवं राज्य सरकार 30,000 रुपए कुल 90,000 रुपए और 3 किलोवाट सोलर पैनल पर केंद्र सरकार 78,000 रुपए एवं राज्य सरकार 30,000 रुपए कुल 1,08,000 रुपए मिल रहा है। श्री सुरेंद्र शुक्ला ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना वास्तव में स्वच्छ सौर ऊर्जा की ओर क्रांतिकारी बदलाव है। योजना के तहत उन्हें कुल 1,08,000 रुपए की सब्सिडी प्रदाय होगी। बैंक ऋण की आसान किस्तों ने इसे अपनाना और भी सरल बना दिया है। सब्सिडी और योजना पूरी तरह पारदर्शी हैं और बिजली उपभोक्ता अब बिजली विक्रेता बनने की दिशा में बढ़ रहे हैं।

### शारदीय नवरात्र आज से प्रारंभ

# दुष्टात्माओं के नाश के लिए करें देवी शक्ति का आह्वान

शैल पुत्री

माँ दुर्गा की पूजा से हम पर देवी शक्ति की कृपा होती है और हम सभी संकटों, रोगों, दुश्मनों, प्राकृतिक आपदाओं से बच पाते हैं। इसके अलावा शारीरिक तेज में वृद्धि होती है मन निर्मल व आत्मिक, दैविक, भौतिक शक्तियों का लाभ मिल पाता है। नवरात्र माँ भगवती जगत–जननी का आह्वान दुष्टात्माओं का नाश करने के लिए किया जाता है। प्रत्येक नर–नारी जो हिन्दू धर्म की आस्था से जुड़े हैं वे किसी न किसी रूप में कहीं न कहीं देवी की उपासना करते ही हैं। फिर चाहे व्रत रखें, मंत्र जाप करें, अनुष्ठान करें या अपनी–अपनी श्रद्धा–भक्ति अनुसार कर्म करते है रहें। वैसे माँ के दरबार में दोनों ही चैत्र व अश्विन मास में पड़ने वाले शारदीय नवरात्र की धूमधाम रहती है। सबसे अधिक अश्विन मास में जगह–जगह गरबों का आयोजन होता है और जगह–जगह देवी प्रतिमा स्थापित करने की भी प्रथा है।

ब्रह्मचारिणी

नवरात्र में घरों में देवी प्रतिमा-घट स्थापना करते हैं। इसी दिन से नववर्ष की बेला शुरु होती है। घर-घर में उत्साह का माहौल रहता है। कुछ साधकगण भी शक्तिपीठों में जाकर अपनी-अपनी सिद्धियों को बल देते हैं। अनुष्ठान, हवन आदि का पर्व भी होता है। कुछ अपनी वाकशक्ति को बढ़ाते हैं तो कोई अपने शत्रु से राहत पाने के लिए माँ बगुलामुखी का जाप-हवन आदि करते हैं। कोई काली का उपासक है तो कोई नवदुर्गा का। कुछ भी हो किसी न किसी रूप में पूजा तो देवी की ही होती है।

**शैलपुत्री-** माँ दुर्गा का प्रथम रूप है शैलपुत्री। पर्वतराज हिमालय के यहां जन्म होने से इन्हें शैलपुत्री कहा जाता है। नवरात्र की प्रथम तिथि को शैलपुत्री की पूजा की जाती है। इनके पूजन से भक्त सदा धनधान्य से परिपूर्ण रहते हैं।

**ब्रहाम्चारिणी-** माँ दुर्गा का दूसरा रूप ब्रहाम्चारिणी है। माँ दुर्गा का यह रूप भक्तों और साधकों को अनंत कोटि फल प्रदान करने वाला है। इनकी उपासना से तप, त्याग, वैराग्य, सदाचार और संयम की भावना जागृत होती है।

चंद्रघंटा

**चंद्रघंटा-** माँ दुर्गा का तीसरा स्वरूप चंद्रघंटा है। इनकी आराधना तृतीया को की जाती है। इनकी उपासना से सभी पापों से मुक्ति मिलती है। वीरता के गुणों में वृद्धि होती है। स्वर में दिव्य अलौकिक माधुर्य का समावेश होता है, आकर्षण बढ़ता है।

**कुष्मांडा-** चतुर्थी के दिन माँ कुष्मांडा की आराधना की जाती है। इनकी उपासना से सिद्धियों में निधियों प्राप्त कर समस्त रोग-शोक दूर होकर आयु-यश में वृद्धि हाती है।

**स्कंदमाता-** नवरात्रि का पाँचवा दिन आपकी उपासना का दिन होता है। मोक्ष के द्वारा खोलने वाली माता परम सुखदायी है। माँ अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती है।

**कात्यायनी-** माँ का छठा रूप कात्यायनी है। छठे दिन इनकी पूजा-अर्चना की जाती है। इनके पूजन से अदभुत शक्ति का संचार होता है व दुश्मनों का संहार करने में ये सक्षम बनाती हैं। इनका ध्यान गोधुली बेला में करना होता है।

कुष्मांडा

**कालरात्रि-** नवरात्रि की सप्तमी के दिन माँ कालरात्रि की आराधना का विधान है। इसकी पूजा-अर्चना करने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है व दुश्मनों का नाश होता है, तेज बढ़ता है।

**महागौरी-** देवी का आठवाँ रूप माँ गौरी है। इनका अष्टमी के दिन पूजन का विधान है। इनकी पूजा सारा संसार करता है। पूजन करने से समस्त पापों का क्षय होरक कांति बढ़ती है। सुख में वृद्धि होती है, शत्रु-शमन होता है।

**सिद्धि दात्री-** माँ सिद्धिदात्री की आराधना नवरात्र की नवमी के दिन की जाती है। इनकी आराधना से जातक को अणिमा, लधिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, महिमा, ईशित्व, सर्वकामावसायिता, दूर, श्रावण, परकामा प्रवेश, वाकसिद्ध, अमरत्व भावना आदि समस्त सिद्धियां की प्राप्ति होती है। आज के युग में इतना कठिन तप तो कोई नहीं कर सकता लेकिन अपनी शक्तिनुसार जप, तप, पूजा,-अर्जना कर कु छ तो माँ की कृपा का पात्र बनता है।

# माँ भगवती की आराधना कल्याणकारी

सम्पूर्ण भारत वर्ष में नवरात्रि का पर्व वर्ष में दो बार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तथा आश्विन शुक्ल प्रतिपदा को बड़ी श्रद्धा, भक्ति व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। जिसे बसन्त व शारदीय नवरात्रि के नाम से जाना जाता है।

इस कर्म भूमि के सपूतों के लिए माँ दुर्गा की पूजा व आराधना ठीक उसी प्रकार कल्याणकारी है जिस प्रकार अंधेरे में घिरे हुए संसार के लिए भगवान सूर्य की एक किरण।

नवरात्रि में दुर्गाष्टमी व महानवमी पूजन का बड़ा ही महत्व है। इस अष्टमी व नवमी की कल्याणप्रद, शुभ बेला श्रद्धालु भक्तजनों को मनोवांछित फल देकर नव दिनों तक लगातार चलने वाले व्रत व पूजन महोत्सव के सम्पन्न होने के संकेत देती है। माँ दुर्गा की आराधना से व्यक्ति एक सदृहस्थ जीवन के अनेक लक्षणों धन, ऐश्वर्य, पत्नी, पुत्र, पौत्र व स्वास्थ्य से युक्त हो जीवन के अंतिम लक्ष्य मोक्ष को भी सहज ही प्राप्त कर लेता है।

इतना ही नहीं बीमारी, महामारी, बाढ़,सूखा, प्राकृतिक उपद्रव व शत्रु से घिरे हुए किसी राज्य, देश व सम्पूर्ण विश्व के लिए भी माँ भगवती की आराधना परम कल्याणकारी है। इस पूजा में पवित्रता, नियम व संयम तथा ब्रह्मचर्य का विशेष महत्व है। पूजा के समय घर व देवालय को तोरण व विविध प्रकार के मांगलिक पत्र, पुष्पों से सजाना चाहिए तथा स्थापित समस्त देवी–देवताओं का आव्हान उनके नाम मंत्रों द्वारा षोडषोपचार पूजा करनी चाहिए जो विशेष फलदायनी है। भविष्य पुराण के उत्तर–पूर्व में महानवमी व दुर्गाष्टमी पूजन के विषय में भगवान श्रीकृष्ण से धर्मराज युधिष्ठिर का संवाद मिलता है। जिसमें नवमी व दुर्गाष्टमी पूजन का स्पष्ट उल्लेख है।

यह पूजन प्रत्येक युगों, सतयुग, त्रेता, द्वापर, कलियुग तथा कल्पों व मन्वन्तरों आदि में भी प्रचलित था। माँ भगवती सम्पूर्ण जगत् में परम शक्ति अनन्ता, सर्वव्यापिनी, भावगम्या, आद्या आदि नाम से विख्यात हैं जिन्हें माया, कात्यामिनी, काली, दुर्गा, चामुण्डा, सर्वमंगला, शंकरप्रिया, जगत जननी, जगदम्बा, भवानी आदि अनेक रूपों में देव, दानव, राक्षस, गन्धर्व, नाग, यक्ष, किन्नर, मनुष्य आदि अष्टमी व नवमी को पूजते हैं। माँ भगवती का पूजन अष्टमी व नवमी को करने से कष्ट, दुःख मिट जाते हैं और शत्रुओं पर विजय प्राप्त होती है। यह तिथि परम कल्याणकारी, पवित्र, सुख को देने वाली और धर्म की वृद्धि करने वाली है। अनेक प्रकार मंत्रोपचार से विधि प्रकार पूजा करते हुए भगवती से सुख, समृद्धि,यश, कीर्ति, विजय, आरोग्यता की कामना करनी चाहिए। नवरात्रि के आठवें दिन की देवी माँ महागौरी हैं।

परम कृपालु माँ महागौरी कठिन तपस्या कर गौरवर्ण को प्राप्त कर भगवती महागौरी के नाम से सम्पूर्ण विश्व में विख्यात हुई। भगवती महागौरी की आराधना सभी मनोवांछित को पूर्ण करने वाली और भक्तों को अभय, रूप व सौंदर्य प्रदान करने वाली है। अर्थात शरीर में उत्पन्न नाना प्रकार के विष व्याधियों का अंत कर जीवन को सुख–समृद्धि व आरोग्यता से पूर्ण करती है।

माँ की शास्त्रीय पद्धति से पूजा करने वाले सभी रोगों से मुक्त हो जाते हैं और धन वैभव सम्पन्न होते हैं। नववें दिन की दुर्गा सिद्धिदात्री हैं यह दिन माँ सिद्धिदात्री दुर्गा की पूजा के लिए विशेष महत्वपूर्ण है। माँ भगवती ने नववें दिन देवताओं और भक्तों के सभी वांछित मनोरथों को सिद्ध कर दिया, जिससे माँ सिद्धिदात्री के रूप में सम्पूर्ण विश्व में व्याप्त हुई। परम करूणामयी सिद्धिदात्री की अर्चना व पूजा से भक्तों के सभी कार्य सिद्ध होते हैं। बाधाएं समाप्त होती हैं एवं सुख व मोक्ष की प्राप्ति होती है।

इस प्रकार अष्टमी को विविध प्रकार से भगवती जगदम्बा का पूजन कर रात्रि को जागरण करते हुए भजन, कीर्तन, नृत्यादि उत्सव मनाना चाहिए तथा नवमी को विविध प्रकार से पूजा–हवन कर नौ कन्याओं को भोजन खिलाना चाहिए और हलुआ आदि प्रसाद वितरित करना चाहिए और पूजन हवन की पूर्णाहुति कर दशमी तिथि को व्रती को व्रत खोलना पारण चाहिए। यदि नवमी तिथि की वृद्धि हो तो एक नवमी को व्रत कर दूसरे नवमी में अर्थात दसवें दिन पारण करने का विधान शास्त्रों में मिलता है। जो सभी प्रकार के अमंगल को दूर कर जीवन को सुखद व सुन्दर बना देता है।

स्कन्द माता

कात्यानी

कालरात्रि

महागौरी

सिद्धि दात्री

# जीएसटी पर केंद्र सरकार को भूपेश ने घेरा भाजपा सरकार को बताया किसान विरोधी

## प्रदेश स्तरीय असंगठित कामगार सम्मेलन में, बैज और बघेल ने भाजपा पर साधा निशाना

**लोकतंत्र प्रहरी/छत्तीसगढ़**

**दुर्ग।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कहना है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने गांव, गरीब, मजदूर और किसान को केंद्रित कर योजनाएं बनाई। कानून बनाकर उन्हें अधिकार देने का काम किया, लेकिन मौजूदा सरकार इन अधिकारों को छीनने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार गरीब, किसान और मजदूरों की विरोधी है। मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस हर मोर्चे पर संघर्ष के लिए तैयार है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजीव भवन में आयोजित प्रदेश स्तरीय असंगठित कामगार सम्मेलन में यह बातें कही। उन्होंने संगठन की मजबूरी पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा की सरकार में गरीब, किसान और मजदूरों का न सिर्फ जीना दूभर हो गया है, बल्कि अब संविधान प्रदत्त अधिकारों की भी चोरी होने लगी है। संविधान ने लोगों को प्रतिनिधि चुनने का अधिकार दिया है, इस अधिकार को भी छीना जा रहा है। यह राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के खुलासों से स्पष्ट हो गया है। जीएसटी के मुद्दे पर केंद्र की भाजपा सरकार को घेरते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि 8 तक जनता और व्यापारियों को लूटने के बाद अब समझ में आया कि सुधार की जरूरत है। कार्यक्रम में असंगठित कामगार कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदित राज, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल कामगार कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक बोरकर, जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, राजेंद्र साहू, दीपक दुबे भी मौजूद थे।

### हितों की रक्षा के लिए संघर्ष - बैज

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि संगठन की मजबूती और मजदूरों की हितों और अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया जाएगा। भाजपा की सरकारों के कारण वर्तमान में मजदूरों की स्थिति बेहद खराब है। 50 फीसदी टैरिफके चलते लोगों के हाथों से काम छीन रहा है, लेकिन सरकार ध्यान नहीं दे रही है। जीएसटी पर भी उन्होंने सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि पहले जीएसटी बढ़ाने के फायदे गिनाए और अब कम होने का लाभ बताया जा रहा है।

### प्रदेशभर से जुटे सम्मेलन में कामगार

असंगठित कामगार व कर्मचारी कांग्रेस के सम्मेलन में प्रदेश भर के कामगार व कर्मचारी शामिल हुए।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदित राज ने कामगार और कर्मचारी एकता पर जोर देते हुए अधिकारी की रक्षा के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश की तरक्की में इसी वर्ग का सबसे बड़ा योगदान होता है, लेकिन मौजूदा सरकारें न सिर्फ इनकी अनदेखी कर रही है, बल्कि उनके अधिकारों को भी छीनने का काम कर रही है।

# शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर भिलाई में करोड़ों की धोखाधड़ी

## मुख्य आरोपी पत्नी सहित पांच आरोपी गिरफ्तार, भिलाई पुलिस ने किया भंडाफोड़

**लोकतंत्र प्रहरी/ छत्तीसगढ़।** भिलाई में करोड़ों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर लोगों से 10 से 12 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी कर ठगी करने वाले गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। स्मृति नगर पुलिस ने गिरोह के मुख्य आरोपी स्नेहांशु, उसकी पत्नी सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शनिवार को एएसपी सुखनंदन राठौर ने मीडिया के सामने ठगी का खुलासा करते हुए बताया कि आरोपियों ने भिलाई के सूर्या मॉल और यूनिक इन्वेस्टमेंट साल्यूशन कार्यालय सुपेला में दो फर्जी फर्म निशा बिजनेस कन्सलटेंट प्रायवेट लिमिटेड बनाकर उसके माध्यम से लोगों से धोखाधड़ी को अंजाम देते थे।आरोपी गिरोह शेयर मार्केट में निवेश और एक वर्ष में रकम दोगुना करने का लालच देते थे।इस काम में निवेश के लिए नियुक्त कन्सलटेंट को भी 10-15 प्रतिशत कमीशन देकर उनके जरिए निवेश कराते थे। लेकिन,शेयर बाजार में निवेश न कर आरोपीगण द्वारा मनी रोलिंग कर धोखाधड़ी किया जा रहा था। आरोपीगण निवेशकों को विश्वास दिलाने निवेश संबंधी फर्जी दस्तावेज,कम्प्यूटर के माध्यम से तैयार कर ग्राहकों को देते थे। पुलिस द्वारा अब तक लगभग 10से12 करोड़ के रकम फर्जीवाड़ा संबंधी साक्ष्य एवं दस्तावेज बरामद किया गया है।पुलिस ने बताया कि इस मामले में मुख्य आरोपी स्नेहांशु नामदेव, उसकी पत्नी डाली नामदेव, सेल्स एक्जीक्यूटिव निशा मानिकपुरी, धातरी कोसरे और शुभम गुप्ता को गिरफ्तार किया गया है। और आरोपियों के कब्जे से धोखाधड़ी की रकम से खरीदे गए हार्ले डेविडसन मोटरसाइकिल, टाटा कर्व कार सहित अन्य वाहन, जेवरात, चल अचल संपत्ति संबंधी दस्तावेज, नगदी रकम सहित बड़ी मात्रा में बैंक दस्तावेज और संधारित लेन देने संबंधी रजिस्टर, कम्प्यूटर, लैपटाप, सहित अन्य महंगे मोबाइल कीमती लगभग 1 करोड़ रुपए जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में पीड़ित करण शर्मा ने स्मृति नगर चौकी, थाना सुपेला में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया था कि स्नेहांशु नामदेव, उसकी पत्नी डाली नामदेव, निशा मानिकपुरी, धातरी कोसरे, सूर्या माल जुनवानी में निशा बिजनेस कन्सलटेंट प्रायवेट लिमिटेड एवं यूनिक इन्वेस्टमेंट साल्यूशन कार्यालय सुपेला चौक नामक कंपनी खोले हैं।

और शेयर मार्केट में निवेश के नाम से 20 से 40 प्रतिशत का लाभ होने का लालच देकर उससे एवं उसके अन्य साथियों से लगभग 66 लाख 47 हजार की धोखाधड़ी की गई है। पीड़ित की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 318(4), 61(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# शेयर बाजार में निवेश के नाम पर 12 करोड़ की ठगी, 5 आरोपी गिरफ्तार

## फर्जी कंपनियां बनाकर लोगों से कराया निवेश, हार्ले डेविडसन बाइक-कार, जेवरात और 1 करोड़ की संपत्ति जब्त

**भिलाई।** शेयर बाजार में मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा देकर करोड़ों रुपये हड़पने वाले गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। मुख्य आरोपी स्नेहांशु नामदेव और उसकी पत्नी डाली नामदेव सहित कुल 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों से करीब 1 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है, जिसमें महंगी कार, बाइक, जेवरात और इलेक्ट्रॉनिक सामान शामिल है। ऐसे देते थे लालच-आरोपियों ने निशा बिजनेस कन्सलटेंट प्रायवेट लिमिटेड (सूर्या मॉल) और यूनिक इन्वेस्टमेंट साल्यूशन (सुपेला चौक) नाम से फर्जी कंपनियां बनाई थीं। निवेश पर 20 से 40 प्रतिशत मासिक मुनाफा और एक साल में रकम दोगुना करने का वादा किया जाता था। निवेशकों को भरोसा दिलाने के लिए फर्जी दस्तावेज और कंप्यूटर से तैयार मिरर इमेज आईडी-पासवर्ड भेजे जाते थे। रकम वास्तव में शेयर बाजार में न लगाकर केवल मनी रोलिंग के जरिए पुराने निवेशकों को भुगतान किया जाता था। नए निवेशक जोड़ने के लिए कंसलटेंट्स को 10-15% कमीशन दिया जाता था।

**शिकायत पर खुला राज़**–चौकी स्मृति नगर थाना सुपेला में करण शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनसे और उनके साथियों से लगभग 66 लाख 47 हजार रुपये की ठगी की गई है। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपीगण ने बिना सेबी/आरबीआई पंजीयन के फर्जी कंपनियां खोलकर अब तक लगभग 10 से 12 करोड़ रुपये का निवेश कराया और रकम का दुरुपयोग किया। जब्त संपत्ति-आरोपियों से मिली धोखाधड़ी की रकम से खरीदी गई संपत्ति–टाटा कर्व कारहार्ले डेविडसन बाइकसोने-चांदी के जेवरातनगदी रकम, घरेलू सामग्रीफ्लैट से जुड़े दस्तावेज कंप्यूटर, लैपटॉप विदेशी कंपनी वरटू सहित अन्य महंगे मोबाइल कुल कीमत करीब 1 करोड़ रुपये। गिरफ्तार आरोपी-1. स्नेहांशु नामदेव (37 वर्ष), निवासी साईविला जंजगिरी, थाना कुम्हारी 2. डाली नामदेव (35 वर्ष), पत्नी स्नेहांशु नामदेव 3. निशा मानिकपुरी (26 वर्ष), निवासी विजय नगर, दुर्ग 4. धातरी कोसरे (24 वर्ष), निवासी डीपाकेट, मरोदा भिलाई, 5. शुभम गुप्ता (25 वर्ष), निवासी कृपाल नगर, कोहका। पुलिस की कार्रवाई-पुलिस ने पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर धारा 318(4), 61(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। मामले की आगे जांच की जा रही है। 12 करोड़ की ठगी का भंडाफोड़-2 फर्जी कंपनियों के जरिए किया गया निवेश।

# छत्तीसगढ़ दुर्ग में पकड़ाया 6.60 करोड़, रायपुर से गुजरात जा रहा था पैसा, गाड़ी में सवार लोगों से पुलिस कर रही पुछताछ

### पुलिस-आयकर विभाग की संयुक्त टीम कर रही जांच

**लोकतंत्र प्रहरी/छत्तीसगढ़/दुर्ग**

छत्तीसगढ़ में 6 करोड़ 60 लाख रुपए दुर्ग पुलिस ने पकड़ा है . पुलिस ने बताया कि महाराष्ट्र पासिंग की गाड़ी से पैसा गुजरात जा रहा था ।

चेकिंग के दौरान गाड़ी में सवार 4 लोगों से जब पुलिस ने पूछताछ की तो उन्होंने कैश से संबंधित कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। इसके बाद पुलिस ने उक्त रकम की सूचना आयकर विभाग को दे दी।अब दोनों विभाग संयुक्त रुप से जांच में जुट गई है।आपको बता दें,शनिवार को नोटों की बड़ी खेप पकड़ने में दुर्ग पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है।बताया जा रहा है कि,कुम्हारी थाना अंतर्गत पुलिस को शनिवार सुबह चेकिंग के दौरान महाराष्ट्र पासिंग गाड़ी में बड़ी मात्रा में नोट मिले हैं। इस संबंध में गाड़ी में सवार लोगों से पुछताछ की गई तो वे कोई भी संतोषजनक जवाब दे पाए और न ही दस्तावेज दिखा पाए। जिसके बाद पुलिस ने नोटों से भरे दोनों स्कार्पियो को अपने कब्जे में ले लिया।बता दें, फिल्मी अंदाज में स्कार्पियो में दो चैंबर बनाए गए थे और उसमें नोटों को रखा गया था। गाड़ी से नोट मिलने की सूचना मिलते ही मौके पर डीएसपी अलेक्जेंडर किरो के साथ कुम्हारी थाना प्रभारी योगेश्वर वर्मा पहुंचे और नोटों से भरा स्कार्पियो को अपने कब्जे में लिया।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रायपुर से पैसा गुजरात ले जाया जा रहा था। इस मामले में एएसपी सुखनंदन राठौर ने मीडिया को बताया कि भारी मात्रा में कैश बरामद होने के बाद पुलिस और आयकर विभाग की संयुक्त टीम इस रकम के स्रोत और इस्तेमाल की जांच कर रही है।

# सीमेंट ट्रांसपोर्टर्स की समस्या पर उपमुख्यमंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल, मिला सहयोग का आश्वासन

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष अंजय शुक्ला के नेतृत्व में माननीय उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मिला। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने अल्ट्राटेक कुकुरडीह प्लांट से जुड़े भाड़े की समस्या से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि लंबे समय से बार-बार मांग उठाए जाने के बावजूद प्लांट प्रबंधन द्वारा भाड़ा नहीं बढ़ाया जा रहा है। इस समस्या को लेकर उपमुख्यमंत्री से सहयोग की अपील की गई। इस पर शर्मा ने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

**राजस्व मंत्री से भी की मुलाकात**–उपमुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद प्रतिनिधिमंडल ने माननीय राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा से भी भेंट की। उन्हें भी पूरी जानकारी दी गई, जिस पर मंत्री वर्मा ने भी हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

**प्रतिनिधिमंडल में शामिल प्रमुख सदस्य**–इस अवसर पर अध्यक्ष अंजय शुक्ला के साथ संरक्षकगण अशोक जैन, सुधीर अग्रवाल, इंद्रजीत सिंह, प्रवक्ता अरुण तुलस्यान, कोषाध्यक्ष मलकीत सिंह, संगठन मंत्री गणेश जैसवाल, सुखदेव सिंह सिद्धू सहित सदस्यगण मनोज गुप्ता, आशीष अग्रवाल, सुब्रत डे, सुखदेव सिंह, जसवंत सिंह सैनी, सनोज सिंह, वैभव जग्गी, सुखमोहन सिंह बावा, पुरुषोत्तम भीटे, मिथलेश वर्मा, हरविंदर खंडूजा, धनवंत सिंह गिल और अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# आबकारी, पुलिस और नगर पालिका ने अवैध चखना सेंटर पर कसी नकेल

### बेमेतरा में संयुक्त कार्रवाई

**लोकतंत्र प्रहरी। बेमेतरा.।** जिले में अवैध मदिरा विक्रय और चखना सेंटरों के विरुद्ध जिला प्रशासन लगातार सख्त कदम उठा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को आबकारी विभाग वृत्त बेमेतरा, पुलिस विभाग और नगर पालिका बेमेतरा की संयुक्त टीम ने बिलई बायपास रोड, पिकरीपारा क्षेत्र में दबिश देकर अवैध अहाता संचालित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। सूचना के आधार पर की गई इस कार्रवाई में अवैध अहाता पाए जाने पर आबकारी अधिनियम की धारा 36 (सी) के तहत जमानती प्रकरण कायम किया गया। टीम द्वारा मौके पर जांच-पड़ताल कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई और स्थानीय लोगों को भी अवैध शराब व्यापार एवं चखना सेंटरों के खिलाफ सहयोग देने की अपील की गई। इस अभियान में आबकारी वृत्त बेमेतरा प्रभारी उप निरीक्षक वीणा भंडारी, आबकारी आरक्षक संतोष अहिरवार, वाहन चालक पूर्णानंद सोम, पुलिस विभाग से प्रधान आरक्षक रघुराज यदु एवं आरक्षक संतोष शामिल रहे। साथ ही नगर पालिका बेमेतरा से साहू जी, पटेल सर और पवार जी का भी सराहनीय योगदान रहा। जिला प्रशासन ने साफ किया है कि अवैध मदिरा धारण, संग्रहन और विक्रय किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे कारोबारियों के खिलाफ लगातार छापामार कार्रवाई की जाएगी। आम नागरिकों को भी अपील की गई है कि वे इस तरह की गतिविधियों की सूचना तुरंत संबंधित विभाग को दें। समाज में नशामुक्त वातावरण बनाने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाइयां लगातार जारी रहेंगी।

# स्कूली बच्चों के साथ जन्मदिन मनाकर मिसाल बनीं कल्पना नारद साहू, मंदिर दर्शन, वृक्षारोपण और न्योता भोज में शामिल होकर जताई सादगी

**पाटन।** पाटन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 की लोकप्रिय जिला पंचायत सदस्य एवं सभापति कल्पना नारद साहू ने अपना जन्मदिन को सादगी और सामाजिक जुड़ाव के साथ मनाया। ग्राम टेमरी स्थित विश्राम गृह में हुए आयोजन की तैयारियां कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक की थीं।

**मां विंदा देवी के किए दर्शन**–जन्मदिन के अवसर पर श्रीमती साहू ने सबसे पहले ग्राम आगेसरा स्थित मां विंदा देवी मंदिर में दर्शन कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

**मां के नाम किया वृक्षारोपण**–पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए उन्होंने अपनी मां के नाम पर पौधा रोपकर जीवनदायिनी पेड़ लगाने की पहल की।

**स्कूली बच्चों के संग बैठकर किया भोजन**–अपने गृहग्राम धमना में उन्होंने स्कूली बच्चों के साथ जन्मदिन मनाया। इस दौरान आयोजित न्योता भोज में वे बच्चों के बीच बैठीं और भोजन ग्रहण कर आत्मीय जुड़ाव का परिचय दिया।

**राजनीतिक रंग भी चढ़ा समारोह में**–इस अवसर पर क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं ने बैनर-पोस्टर लगाकर शक्ति प्रदर्शन किया, जिसकी चर्चा पूरे विधानसभा क्षेत्र में हो रही है।

# नशा मुक्ति थीम पर हुआ मैराथन

### रजत जयंती के अवसर पर समाज कल्याण विभाग का आयोजन

**लोकतंत्र प्रहरी। दुर्ग।** रजत जयंती महोत्सव के अवसर पर 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2025 तक जिले में सेवा पखवाड़ा दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत रविवार को नशामुक्त भारत अभियान अंतर्गत नशामुक्ति थीम पर मैराथन कार्यक्रम का आयोजन महात्मा गांधी चौक हिन्दी भवन के सामने दुर्ग में जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग दुर्ग के द्वारा किया गया। जिसमें लगभग 200 छात्र/छात्राएं सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का प्रारंभ महात्मा गांधी की पूजा अर्चना, दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। उसके पश्चात् मैराथन दौड़ में सम्मिलित सभी प्रतिभागियों को उपस्थित जनप्रतिधियों एवं अधिकारियों द्वारा हरी झण्डी दिखाकर मैराथन दौड़ को रवाना किया गया। यह मैराथन दौड़ महात्मा गांधी चौक से नगर पालिक निगम दुर्ग होते हुए पुनः वापिस महात्मा गांधी चौक में समाप्त हुआ। इस अवसर पर सम्मिलित छात्र/छात्राओं को नशामुक्ति पर आधारित स्लोगन मय टी-शर्ट वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रुप से वेदनारायण चन्द्राकर, पार्षद लीलाधर पाल, पार्षद एवं मेयर इन कॉउंसिलिंग मेंबर, सुमीत अग्रवाल आयुक्त, नगर पालिक निगम दुर्ग, उपसंचालक, समाज कल्याण विभाग दुर्ग के अधिकारी, ए.पी. गौतम, शुक्ला मेम, जिला शिक्षा विभाग दुर्ग, तरुण साहू, साइंस कॉलेज दुर्ग तथा समाज कल्याण विभाग दुर्ग के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में नशीले पदार्थों एवं मादक द्रव्यों के दुष्प्रभाव की जानकारी प्रदाय करते हुए ड्रग डिमांड की रोकथाम एवं इसमें कमी लाने संबंधी जानकारी दी गई . समस्त प्रकार के नशीली वस्तुओं एवं मादक द्रव्यों से दूर रहते हुए लोगों में जनजागरुकता प्रचारित-प्रसारित कर स्वस्थ एवं स्वच्छ समाज निर्माण करने का संदेश दिया गया। कार्यकम के अन्त में नशामुक्ति हेतु शपथ दिलायी गई।

# टेमरी नाला के पास मिली महिला के शव की पहचान गंगोत्री के रूप

### मूल रूप से चरोदा की रहने वाली थी

**लोकतंत्र प्रहरी/ छत्तीसगढ़/**दुर्ग जिले के पुलगांव क्षेत्र में 20 सितंबर की सुबह टेमरी नाला के पास मिली महिला के शव की पहचान गंगोत्री के रूप में हुई है.और वह दिव्यांग थी। मृतका पोटिया चौक में किराए पर रहती थी।वह मूल रूप से चरोदा की रहने वाली थी। बताया जाता है कि,19 सितंबर की रात करीब 8:30 बजे वह खाना खाने जाने की बात कहकर घर से निकली थी।इसके बाद वह वापस नहीं लौटी।आपको बता दें पुलिस जांच में सामने आया कि महिला के सिर पर पत्थर से वार कर हत्या की गई। शव से करीब 50 मीटर दूर उसकी सैंडल मिली है। शव के घसीटे जाने के निशान भी पाए गए हैं। मृतका ने गुलाबी रंग का सूट पहना हुआ था। वहीं, परिजनों ने बताया कि गंगोत्री का एक पैर छोटा था। उसने कई लोगों से पैसे भी ले रखे थे। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।मोबाइल टावर डाटा और सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। कुछ संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक संजय तिवारी द्वारा असमा पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ग्रास मेमोरियल सेंटर के बाजू, जयस्तंभ चौक, रायपुर (छ.ग.)-492001 से मुद्रित करवाकर व गदा चौक, फरीद नगर रोड स्वर्गीय तुलाराम मेमोरियल स्कूल के पास सुपेला भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड-490023 से प्रकाशित। संपादक : संजय तिवारी, मो. 9200000214 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार), समस्त विवादों का निपटारा न्यायलीन क्षेत्र दुर्ग होगा। Email : loktantraprahrinews@gmail.com